
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



को-एक्टर को पसंद नहीं करती थी .....



दिशा पटानी ने बदला अपना अंदाज......

वर्ष : 10 | अंक : 91 | लखनऊ, 10 मार्च, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 18.c
न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**
सोना 5848/ g
चांदी 75.50/ g
सेंसेक्स 72,085.63
निफ्टी 21,853.80

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय कैडेट कोर की प्रशिक्षण एकेडमी का शिलान्यास किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अनुशासन के बिना जीवन में कुछ नहीं हो सकता। यह अनुशासन जीवन में आत्मानुशासन से पैदा होता है। आत्मानुशासन आपको जीवन भर एक सही मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। यह एक ऐसा मार्ग देगा, जो आपको क्रमबद्ध तरीके से मंजिल तक पहुंचाने के लिए सदैव आपका मार्गदर्शन करेगा। उस मंजिल को प्राप्त करने की दिशा में क्या प्रयास होना चाहिए, इसकी एक नई पाठशाला के रूप में यह एन0सी0सी0 एकेडमी हमारे एन0सी0सी0 कैडेट्स को मार्गदर्शन व प्रेरणा प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री आज जनपद गोरखपुर में राष्ट्रीय कैडेट कोर की प्रशिक्षण एकेडमी के शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सिक्टौर (ताल कन्दला) में 55 करोड़ रुपये लागत से 10 एकड़ में निर्मित होने वाली एन0सी0सी0 प्रशिक्षण एकेडमी का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। एकेडमी में प्रशासनिक भवन, बालक/बालिका हॉस्टल, आउटडोर मल्टी एक्टीविटी एरिया, आउटडोर शूटिंग रेंज, ड्रिलपाथ, फुटबॉल फील्ड, मास्ट फ्लड लैम्प आदि निर्माण कार्य किये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन0सी0सी0) हमारे युवाओं के जीवन का हिस्सा बने। प्रधानमंत्री के इस विजन को मिशन मोड पर लेकर अधिक से अधिक युवाओं को एन0सी0सी0 के साथ जोड़कर व एन0सी0सी0 एकेडमी के माध्यम से बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इस एकेडमी के निर्माण के लिए 10 एकड़ भूमि देने के साथ ही 55 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये गये हैं। गोरखपुर ग्रुप कमाण्डर ने इसके लिए प्रयास प्रारम्भ किया था। इस पहल का परिणाम आपको एन0सी0सी0 प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में देखने को मिला रहा है। प्रदेश सरकार हर क्षेत्र मे सहयागे के लिए तैयार है। युवाओं का शिक्षा तथा प्रशिक्षण देकर सही मार्ग की ओर अग्रसर करने का कार्य प्रदेश सरकार प्रमुखता के साथ कर रही है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में इस एकेडमी का अपना एक महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं में एन0सी0सी0 के माध्यम से अनुशासन और एकता का भाव जागृत करने के लिए वर्ष 1948 में एक अधिनियम के अन्तर्गत एन0सी0सी0 निदेशालय का गठन किया गया। यह दुनिया का सबसे बड़ा वदीर्धारी सगंठन होने के साथ-साथ युवाओं के लिए इस फील्ड मे आकर्षण तथा कैरियर को आगे बढ़ाने का महत्वूपर्ण माध्यम बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर जोन में 11 जनपद आते हैं।

## असम की चाय ने पूरी दुनिया में अपनी जगह बना ली है: पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



काजीरंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के निकट एक चाय बागान को देखने गये और कहा कि असम में उत्पादित चाय ने पूरी दुनिया में अपनी जगह बना ली है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, असम अपने शानदार चाय बागानों के लिए जाना जाता है और असम की चाय ने पूरी दुनिया में अपनी जगह बना ली है। मैं चाय बागान समुदाय की सराहना करना चाहूंगा, जो कड़ी मेहनत कर रहा है और दुनियाभर में असम की प्रतिष्ठा बढ़ा रहा है। मैं पर्यटकों से राज्य के दौरे के दौरान इन चाय बागानों पर जाने का भी आग्रह करता हूं।

प्रधानमंत्री की इस पोस्ट के जवाब में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर पोस्ट किया, 200 वर्षों में पहली बार, जब से असम चाय अस्तित्व में आई है, हमारा चाय बागान समुदाय परिवर्तनकारी विकास का अनुभव कर रहा है -प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दृढ़ नेतृत्व के कारण नए स्कूलों, अस्पतालों, उच्च वेतन और बेहतर अवसरों तक पहुंच संभव हो सकी है।

मोदी जंगल सफारी से लौटते समय गोलाघाट जिले में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के मध्य कोहोरा रेंज से सटे हथीकुली चाय बागान गये। उन्होंने उद्यान में दो घंटे बिताए और शनिवार सुबह हाथी और जीप, दोनों सफारी का आनंद लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार से असम की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान 17,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने पूर्वी असम के जोरहाट में महान अहोम सेनापति लचित बोड़फूकन के समाधि स्थल पर उनकी 125 फुट ऊंची कांसे की प्रतिमा का शनिवार को अनावरण किया।

**संक्षिप्त समाचार**

### भोपाल में मध्य प्रदेश सचिवालय भवन में लगी आग, सीएम बोले- स्थिति नियंत्रण में

नयी दिल्ली। मध्य प्रदेश के भोपाल में शनिवार को राज्य सचिवालय की इमारत वल्लभ भवन में आग लग गई। दमकल की कई गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने कहा कि मेरी जानकारी में आया है कि वल्लभ भवन की पुरानी बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर आग लग गई है। कलेक्टर से मिली जानकारी के आधार पर मैंने सीएस को इसकी मॉनिटरिंग करने को कहा- घटना की विस्तृत जानकारी जुटायी जाये और मुझे यह भी बताया गया है कि आग पर काबू पा लिया गया है। सीएम ने कहा कि हमने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं कि ऐसी कोई घटना दोबारा न हो...मुझे उम्मीद है कि ऐसी कोई घटना दोबारा नहीं होगी।' अधिकारियों के मुताबिक घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सुबह करीब साढ़े नौ बजे सफाई कर्मचारियों ने सचिवालय भवन के आधिकारिक नाम वल्लभ भवन में धुआं देखा।

### इंद्रलोक में नमाज से जुड़ी घटना के बाद पुलिस, अर्द्धसैन्य बल के जवान तैनात

नयी दिल्ली। इंद्रलोक में नमाज पढ़ रहे लोगों को धक्का देने तथा लात मारने की घटना के लिए दिल्ली पुलिस के एक उपनिरीक्षक को निलंबित किए जाने के एक दिन बाद इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। अधिकारियों ने बताया कि अर्द्धसैन्य बलों की कम से कम तीन टुकड़ियों के साथ ही स्थानीय पुलिस शनिवार को उत्तरी दिल्ली में इंद्रलोक और उसके आसपास के इलाकों में तैनात रहेगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इलाके में शांति कायम करने के लिए एक शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठकें भी कीं।

## इजराइल में सभी भारतीयों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहा है भारतः विदेश मंत्रालय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को कहा कि कथित तौर पर हिजबुल्ला की ओर से किये गये मिसाइल हमले में एक भारतीय की मौत के बाद वह इजराइल में अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, इजराइल में हमारे 18,000 से अधिक देखभालकर्ता और अन्य पेशेवर हैं। उनकी सुरक्षा हमारे लिए चिंता का प्रमुख विषय है।

केरल के रहने वाले पैट निबिन मैक्सवेल चार मार्च को उत्तरी इजराइल के गलील में हुए मिसाइल हमले में मारे गए थे। यह मिसाइल कथित तौर पर हमास के समर्थन में हिजबुल्ला आतंकवादी संगठन द्वारा लेबनान से दागी गई थी। जायसवाल ने कहा कि इजराइल में भारतीय दूतावास उस देश में सभी भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, उन्होंने एक हेल्पलाइन की शुरूआत की है। हमने उनकी सुरक्षा के लिए एक परामर्श भी जारी किया है। परामर्श का हवाला देते हुए, जायसवाल ने इजराइल में भारतीयों से सतर्क रहने का आह्वान किया। वहीं, झारखंड में स्पेन की एक महिला के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की घटना के कुछ दिन बाद, विदेश मंत्रालय ने कहा कि मामले की जांच जारी है और इस सिलसिले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दो मार्च को कहा था कि झारखंड के दुमका जिले में स्पेन की पर्यटक के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया था। जायसवाल ने संवाददाताओं से कहा, जैसा कि आप जानते हैं, मामले की जांच जारी है। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने साथ ही कहा कि आपने यह भी देखा होगा कि झारखंड के उच्च न्यायालय ने इस विशेष मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का हुआ भव्य स्वागत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । केंद्रीय रक्षामंत्री एवं सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह को लखनऊ लोकसभा चुनाव में पुनः भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के उपरांत लखनऊ आगमन पर एयरपोर्ट पर पार्टी वरिष्ठ नेताओं और जनता द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। एयरपोर्ट पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, डा० राजेश्वर सिंह, योगेश शुक्ला, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोहर सिंह, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी पुष्कर शुक्ला ने पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। जैसे ही रक्षामंत्री का काफिला बाहर निकाला तो वहां महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित आम जनता, पार्टी पदाधिकारीयों और कार्यकताओं ने फूलो की वर्षा और पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र भेंट करके स्वागत अभिनंदन किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी गाड़ी से उतरकर सभी कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया। वहां स्वागत में खड़े पंडितो द्वारा स्वस्तिवाचन और शंखनाद के साथ, महिलाओं मोर्चा पदाधिकारी द्वारा स्वागत मंगल गीत एवं सिख समुदाय द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ भांगड़ा करते हुए स्वागत किया गया। आगमन से पूर्व ही हजारों की संख्या में एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए भीड़ एकत्रित थी। मुस्लिम समुदाय, अल्पसंख्यक मोर्चा, पर्वतीय समाज, युवा मोर्चा पदाधिकारियों सहित महानगर उपाध्यक्ष टिंकू सोना सोनकर, लखनऊ महानगर पदाधिकारी महामंत्री राम अवतार कनौजिया, राम शंकर त्रिपाठी, धनश्याम अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, अनुराग साहू, राजेंद्र वाजपई, उमेश तिवारी, पार्षद गण, मण्डल अध्यक्ष ने जोरदार स्वागत किया। आवास पहुंचने पर वहां भी बड़ी संख्या में उपस्थिति कार्यकताओं ने स्वागत किया।

## भाजपा-टीडीपी और जनसेना का गठबंधन तय

**आंध्र प्रदेश बुरी तरह तबाह हो गया है : चंद्रबाबू नायडू**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। कई दिनों की अटकलों के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी और जन सेना पार्टी के साथ अपना गठबंधन पक्का कर लिया। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने मीडिया से बातचीत के दौरान इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान गठबंधन को आंध्र प्रदेश में क्लीन स्वीप मिलेगा। एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि बीजेपी, टीडीपी, जन सेना के बीच चुनाव में गठबंधन के लिए सहमति बन गई है। बताया जा रहा है कि कि दोनों दलों का एक संयुक्त बयान जल्द ही जारी किया जाएगा क्योंकि 17 मार्च को टीडीपी-भाजपा मीडिया सम्मेलन होने वाला है। आंध्र प्रदेश चुनाव और लोकसभा चुनाव दोनों के लिए बीजेपी-टीडीपी-जनसेना गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया गया है, जो एक साथ होने की उम्मीद है। चंद्रबाबू नायडू ने गठबंधन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बीजेपी, टीडीपी, जनसेना पार्टी के बीच चुनाव में गठबंधन की सहमति बन गई है। आंध्र प्रदेश बुरी तरह तबाह हो गया है। बीजेपी, टीडीपी के एक साथ आने से देश और राज्य के लिए जीत की स्थिति बनेगी। उन्होंने दक्षिणी राज्य में सत्ता में मौजूद वाईएसआर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन आंध्र प्रदेश में चुनाव जीतेगा।

एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा, आंध्र प्रदेश बुरी तरह नष्ट हो गया है। बीजेपी, टीडीपी का एक साथ आना देश और राज्य के लिए जीत की स्थिति है। बागी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सांसद के रघु राम कृष्ण राजू ने कहा कि गठबंधन की जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी और कहा कि राज्य पर शासन करने वाले शैतान से छुटकारा पाने के लिए भाजपा, टीडीपी और जन सेना पार्टी का एक साथ आना आवश्यक है। टीडीपी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद के रवींद्र कुमार ने शुक्रवार को कहा था कि भाजपा, जन सेना और उनकी पार्टी ने सैद्धांतिक रूप से आगामी चुनावों के लिए एक साथ काम करने का फैसला किया है और तौर-तरीकों पर काम किया जा रहा है।

## महाशिवरात्रि पर 9.70 लाख लोगों ने लगाई गंगा में डुबकी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज। माघ मेला के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को शाम छह बजे तक 9.70 लाख लोगों ने यहां गंगा और पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि आज सुबह से स्नानार्थियों का संगम क्षेत्र में आना जारी है और शाम छह बजे तक करीब 9.70 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया। नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में भारी संख्या में लोगों ने शिवलिंग पर माला फूल, दुग्ध आदि चढ़ाए और अभिषेक किया। उन्होंने बताया कि स्नानार्थियों की सुविधा के लिए घाटों की लंबाई 6800 फुट से बढ़ाकर 8000 फुट कर दी गई है और कुल 12 घाट बनाए गए हैं तथा सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में वस्त्र बदलने की सुविधा स्थापित की गई है। तीर्थ पुरोहित राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन भोलेनाथ का विभिन्न पवित्र वस्तुओं से पूजन एवं अभिषेक किया जाता है विशेषकर बेलपत्र, धतूरा, अबीर, गुलाल, बेर आदि अर्पित किया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ अपनी बारात में उन सभी को आमंत्रित करते हैं जिनकी समाज उपेक्षा करता है। इसीलिए भोलेनाथ को पतित पावन कहा जाता है। महाशिवरात्रि शुक्रवार को रात्रि 9:57 बजे मनाई जाएगी। पुलिस उपमहानिरीक्षक (माघ मेला) डाक्टर राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि नगर के मनकामेश्वर मंदिर, सोमेश्वर महादेव मंदिर और नागवासुकी मंदिर पर सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम किए गए हैं और वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान सुनिश्चित किए गए हैं।

## लोकसभा चुनाव में महिला मतदाता आप के पक्ष में मतदान करें : केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार 18 साल से अधिक उम्र की सभी महिलाओं को एक हजार रुपये देने के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना शुरू की है ताकि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने इसी के साथ महिला मतदाताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में बड़ी संख्या में आप के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। आप नीत दिल्ली सरकार द्वारा पेश 2024-24 के बजट में योजना की घोषणा की है। केजरीवाल इस संबंध में महिलाओं से संवाद के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह असली मायनों में महिलाओं को सशक्त करेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए सभी महिलाएं योग्य हैं, चाहे एक ही परिवार में कई महिलाएं हों। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा, वे कहते हैं कि यह योजना महिलाओं को बर्बाद कर देगी। वे कहते हैं कि केजरीवाल शहर की प्रत्येक महिला को एक-एक हजार रुपये देकर पैसों का दुरुपयोग कर रहा है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब लोगों के बड़े कर्ज माफ किए गए थे तो क्या उससे वे बर्बाद हो गए? मुख्यमंत्री ने इसी के साथ महिला मतदाताओं से आगामी आम चुनाव में आप के पक्ष में मतदान करने की अपील की। केजरीवाल ने कहा, यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप अपने पति, भाइयों, पिता और अपने इलाके के अन्य लोगों को उस व्यक्ति के पक्ष में मतदान करने के लिए मनाएं जो उनकी बेहतरी के लिए काम कर रहा है।

## समाजसेवी और लेखिका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए किया मनोनीत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। पेशे से इंजीनियर समाजसेवी एवं लेखिका सुधामूर्ति को शुक्रवार को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके विभिन्न क्षेत्रों में योगदान की सराहना की। इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष सुधा मूर्ति (73) कन्नड और अंग्रेजी साहित्य में अपने योगदान के लिए भी प्रसिद्ध हैं। उन्हें साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार, पद्म श्री (2006) और पद्म भूषण (2023) से सम्मानित किया जा चुका है।

सुधा मूर्ति टेल्को के साथ काम करने वाली पहली महिला इंजीनियर थीं। वह अपने पति एन आर नारायण मूर्ति को इंफोसिस शुरू करने के लिए अपने आपातकालीन निधि से 10,000 रुपये की प्रारंभिक पूंजी प्रदान करने के लिए जानी जाती हैं, जिसका अब बाजार मूल्य करीब 80 अरब अमेरिकी डॉलर है। संसद के उच्च सदन के लिए उनका नामांकन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन हुआ। सुधा मूर्ति के पास सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस में 0.83 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसका मूल्य मौजूदा कीमतों के आधार पर करीब 5,600 करोड़ रुपये है। उनकी बेटी अक्षता की शादी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ हुई है।

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उच्च सदन में उनकी मनोनयन नारी शक्ति का एक सशक्त प्रमाण है, जो राष्ट्र की नियति को आकार देने में महिलाओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण भी है। उन्होंने सुधा मूर्ति को बधाई देते हुए कहा, मुझे खुशी है कि भारत की राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति जी को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में सुधा जी का योगदान असीम और प्रेरणादायक रहा है।

सुधा मूर्ति ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि वह राष्ट्र सेवा का अवसर देने के लिए आभारी हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्यसभा के लिए नामांकित किया जाना मेरे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है। थाईलैंड से बात करते हुए सुधा मूर्ति ने कहा कि वह राज्यसभा के लिए नामांकित होने पर खुश और अचंभित हैं। सुधा मूर्ति ने कहा, इसकी घोषणा महिला दिवस के दिन की गई है, यह दोगुना अचंभित करने वाला फैसला है। मैं प्रधानमंत्री की आभारी हूं। उच्च सदन में अपनी भूमिका के बारे में पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे देखना होगा कि क्या स्थिति है...मैं क्या कर सकती हूं। यह मेरे लिए नया क्षेत्र है। इसलिए, मुझे पहले बैठ कर अध्ययन करना होगा, तभी मैं समझ पाऊंगी कि क्या कर सकती हूं।

केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, अनुराग ठाकुर और हरदीप पुरी ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए नामांकित होने पर बधाई दी। कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य सीतारमण ने कहा, सुधा मूर्ति आपको बधाई। आप विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों के लिए जानी जाती हैं। समान रूप से, यदि अधिक नहीं तो, हमारे सभ्यतागत मूल्यों में निहित आपकी आंतरिक शक्ति आपको अलग बनाती है। सदन में मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

ठाकुर ने कहा कि सुधा मूर्ति का जीवन और उपलब्धियां सभी के लिए प्रेरणा हैं और एक महिला की क्षमता का एक शानदार उदाहरण है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और आपदा राहत में उनका योगदान बहुत बड़ा रहा है। मुझे यकीन है कि राज्यसभा में उनकी उपस्थिति सदस्यों की समझ को समृद्ध करेगी और हमारे नीति-निर्माण को निर्देशित करने में नारी शक्ति की शक्ति को प्रदर्शित करेगी। मूर्ति ने कन्नड, मराठी और अंग्रेजी में कई किताबें लिखी हैं और बच्चों के साहित्य में विशेषज्ञता रखती हैं। उनका उपन्यास, डॉलर बहू, मूल रूप से कन्नड में लिखा गया था और अंग्रेजी में अनुवाद किया गया। इस उपन्यास के आधार पर 2001 में जी टीवी द्वारा एक टेलीविजन श्रृंखला बनाई गई थी।

## पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, पांच घायल

निगोहां। बरगदियाखेड़ा गांव में पेड़ काटने को लेकर शुरू हुये विवाद के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी।जिसमे महिला समेत पांच लोग घायल हो गये।दोनो पक्षो की तरफ से दी गयी तहरीर पर पुलिस क्रास एनसीआर दर्ज कर जांच में जुट गयी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार निगोहां के नन्दौली मजरा बरगदियाखेडा गांव में शुक्रवार को हरिशंकर एक बबूल का पेड़ काट रहा था इस दौरान गांव के ही प्रेमचंद ने पेड़ को अपना बताते हुये काटने का विरोध किया,जिसके बाद दोनो पक्षो के दर्ज ?न भर लोग आमने सामने आ गया ओर गाली-गालौज से शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में मारपीट में तब्दील हो गया ओर दोनो पक्षो में जमकर मारपीट हुयी।जिसमें एक पक्ष से हरिशंकर व उसकी पत्नी भुलाना और बेटा सत्यभान व दूसरे पक्ष से ऊषा देवी व प्रेमचंद घायल है।।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस नें घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया दोनो पक्षो के द्वारा दी गयी तहरीर पर क्रास एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## डीसीपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

निगोहां। शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने प्रभारी अनुज कुमार तिवारी व नायाब तहसीलदार अनुपम वर्मा की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये।डीसीपी तेज स्वरूप सिंह ने मौके पर मौजूद अधिकारियो से कहा कि थाना समाधान दिवस में आए पीड़ितों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाय तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें। जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।उन्होने कहा पीड़ितों को त्वरित और गुणवत्ता पूर्ण न्याय दिलाना ही समाधान दिवस की सार्थकता है।इस मौके पर सभी उपनिरीक्षक व राजस्वकर्मी मौजूद रहें।

# मुख्यमंत्री ने चंदौली में लगभग 743 करोड़ रु. लागत की 78 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम नये भारत का दर्शन कर रहे हैं। दुनिया में 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान बढ़ा है। भारत में सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना है। यह भारत अपनी संस्कृति का संवर्धन भी कर रहा है, साथ ही, आर्थिक समृद्धि के नये प्रतिमान भी स्थापित कर रहा है। भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमे किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। जब सरकार की विकास के प्रति रुचि होती है, तो वह बोलती नहीं, बल्कि करके दिखाती है।

मुख्यमंत्री आज जनपद चंदौली में लगभग 743 करोड़ रुपये लागत की 78 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरान्त इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इन परियोजनाओं में 174.80 करोड़ रुपये लागत की 41 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 567.74 करोड़ रुपये लागत की 37 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना, स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र तथा स्वीकृति पत्र वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चंदौली आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत समृद्ध है। बाबा कीनाराम यहां के एक अध्यात्म पुंज थे। उन्होंने अपनी साधना और सिद्धि से लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने समाज के हर तबके को बिना किसी भेदभाव के जीवन जीने की प्रेरणा दी। जनपद चंदौली पर प्रकृति और परमात्मा की अपार कृपा है। यह जनपद खाद्यान्न का उत्पादन भी करता है और यहां की गयी किसी भी साधना को सिद्धि में बदलने में देर नहीं लगती। बाबा कीनाराम इसके उदाहरण हैं। डबल इंजन सरकार ने यहां के जनप्रतिनिधियों की मांग पर जनपद के मेडिकल कॉलेज का नाम बाबा कीनाराम के नाम पर किया है। इस मेडिकल कॉलेज के माध्यम से यहां की जनता के साथ ही, पड़ोसी राज्य बिहार की जनता को भी लाभ होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश और देश का पेट भरने वाला जनपद चंदौली विकास कार्यों में पीछे नहीं सकता है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने विकास और सुरक्षा का बेहतर वातावरण बनाकर जनता की आस्था को सम्मान देने तथा नौजवानों को आजीविका देने का कार्य किया है। यह डबल इंजन सरकार की ही ताकत है कि पहले चंदौली में कोई नहीं सोचता था कि यहां मेडिकल कॉलेज बनेगा। आज यहां मेडिकल कॉलेज लगभग बनकर तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चंदौली वर्ष 1997 में जनपद बना था, लेकिन यहां पर पुलिस लाइन नहीं थी। पुलिस लाइन पुलिस फोर्स की आत्मा होती है, जहां से उसकी सारी गतिविधियों का संचालन होता है। आज पुलिस लाइन के आवासीय और अनावासीय भवनों का शिलान्यास हो रहा है।

## दबंगों ने युवक को गाड़ी से मारी टक्कर मार किया चोटिल

**प्रतिभोज कार्यक्रम में युवक से हुई कहासुनी,**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाले युवक से एक प्रतिभोज कार्यक्रम के दौरान हुई कहासुनी के बाद दबंगों ने युवक को गाड़ी से मारी टक्कर मार चोटिल किया है। पुलिस ने पीड़ित की नामजद शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित गढ़ी कनौरा निवासी शरद सिंह पुत्र शिवा सिंह के अनुसार वह बीते 8 मार्च की रात ?समय करीब 11.30 बजे अपने परिचित विजय राजपूत के प्रतिभोज में 40 क्वाटर रेलवे कालोनी थाना आलमबाग में गया था। आरोप है कि जहां पर डी.जे. पर डांस करते समय गाना बजाने की बात को लेकर इजराइल एजाज पुत्र पप्पू निवासी रानी लक्ष्मी बाई हस्पीटल निकट ललिता क्लिनिक के बगल में राजाजीपुरम थाना तलकटोरा लखनऊ व उसके साथी समद पुत्र शकील, प्रद्दुमन यादव पुत्र रजनीश यादव, मोनू कनौजिया ने गाली गलौज की मना करने पर मारपीट की मौके पर पार्टी के लोग एकत्र थे बाद में वहाँ ?से जाते समय गेट के बाहर इजराइल ने गाड़ी नम्बर यूपी 32 एन सी 1716 को लापरवाही ?पूर्वक तेजी से टक्कर मार दी जिससे प्रार्थी को पैर व अन्य जगहों पर चोटें आयी हैं ।जिसके चलते उसने सभी आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## धूमधाम के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।शनिवार को विद्यालय प्रांगण में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। छोटे छोटे बच्चों ने कार्यक्रम में बड़ी जोश और उत्साह के साथ प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई तथा समापन होली के गीतों के साथ हुआ कार्यक्रम मे बच्चों ने आज के दौर मे सोशल मीडिया के दूरप्रयोग, परिवार के बच्चों पर हो रहे दुसप्रभाव को नुक्कड़ नाटक के जरिये सन्देश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि के रूप में शाइस्ता अंबर अध्यक्ष ऑल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड तथा विद्यालय होली मिशन कॉलेजिएट के संस्थापक सदस्य रही।



कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मोहन भट्ट सोशल मीडिया संयोजक सरोजिनी नगर तथा पार्षद प्रतिनिधि के रूप में हरि जैन , देवेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे विद्यालय के प्रबंधक संतोष कुमार तिवारी तथा विद्यालय के संस्थापक श्री संजय कुमार तिवारी ने मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि का पुष्प गुच्छ एवं साल पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष योगदान विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं का रहा तथा भारी संख्या मे उपस्थित अभिभावकों का पूर्ण सहयोग रहा कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ अभिभावक का सम्मान सहदेव सिंह एडवोकेट को दिया गया जिनका विद्यालय के प्रति विशेष सहयोग रहता है ।

## डॉ. राजेश्वर सिंह ने डीजी शक्ति योजना के अंतर्गत छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन

**डॉ. राजेश्वर सिंह ने पूर्व में 10 कंप्यूटर प्रदान कर स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में स्थापित डिजिटल लैब का किया उद्घाटन**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर लखनऊ। भविष्य डिजिटल साक्षरता का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ निरंतर डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा दे रहे हैं।2014 में मात्र 25 करोड़ इंटरनेट यूजर्स थे जो वर्तमान में बढ़कर 90 करोड़ हो चुके हैं, भारत डेटा कंजप्शन में शीर्ष स्थान पर है। उच्च शिक्षा में बेटियों की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है, ये ओजस्वी वक्तव्य हैं सरोजनीनगर के भाजपा विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के, जो उन्होंने शनिवार को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित टैबलेट वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु सीएम योगी द्वारा चलायी जा रही महत्वाकांक्षी डीजी शक्ति योजना के अंतर्गत पुष्पेंद्र नगर स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में डॉ. राजेश्वर सिंह ने 87 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित कर सम्मानित किया। साथ ही उनका मार्गदर्शन कर डिजिटल साक्षरता की महत्वता पर प्रकाश डाला। पूर्व में डॉ. राजेश्वर सिंह ने महाविद्यालय को 10 कंप्यूटर प्रदान कर डिजिटल लैब की स्थापना करवाई थी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने डिजिटल लैब का अवलोकन भी किया और बेटियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। विद्यालय में सुविधाओं के प्रसार हेतु विधायक निधि से 10 लाख की धनराशि उपलब्ध कराने एवं सड़क निर्माण हेतु आश्वस्त किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने समाज के सशक्तिकरण और राष्ट्र की उन्नति में शिक्षकों की भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक एक दीपक की तरह होते है जो स्वयं को प्रज्जवलित कर विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है इसमें शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। आज शिक्षक बच्चों को डिजिटली साक्षर उन्हें सशक्त बना रहे हैं। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक मोहन सिंह, डायरेक्टर सुरिंदर कौर, डिप्टी मैनेजर संजय मिश्रा समेत महाविद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ।सरोजनीनगर के बिजनौर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस शनिवार को काफी धूमधाम से मनाया गया। ग्रुप केंद्र की क्षेत्रीय कावा अध्यक्षा शालिनी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सुमन लता मौजूद रहीं। कार्यक्रम में शहीदों की वीरांगनाएं /आश्रित सदस्य और सीआरपीएफ परिवार की अन्य महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान ग्रुप केंद्र में चलाए जा रहे ब्यूटी पार्लर, सिलाई - कढ़ाई, पेंटिंग, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन, कंप्यूटर से संबंधित प्रशिक्षण, डांस क्लास व कोचिंग संस्थान आदि के विषय पर परिवार के सभी सदस्यों को विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मौजूद शहीदों की वीरांगनाओं और उनके आश्रित महिलाओं को मुख्य अतिथि शालिनी सिंह और विशिष्ट अतिथि ज्योति श्री के अलावा क्षेत्रीय कावा सदस्यों द्वारा इंडक्शन चूल्हा व मिक्सर ग्राइंडर उपहार स्वरूप देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर कावा और क्षेत्रीय कावा द्वारा महिलाओं व बच्चों को आत्म निर्भर और स्वावलंबी बनाने की पहल को लेकर मौजूद करीब ढाई सौ सदस्यों ने उनकी काफी सराहना की। अंत में सभी सदस्यों और वीरांगनाओं को स्थानीय ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण भी कराया गया।

## गौरा में बैखोफ चोरो ने घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा की बैट्रिया उड़ाई

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की लापरवाही के चलते ई रिक्शो से बैट्री चोरी की घटनाये थम नही पा रही है,एक बार फिर बैखोफ चोरो ने गौरा गांव में बीते गुरूवार व शुक्रवार की मध्यरात्रि एक घर के बाहर खड़े ई रिक्शा में लगी चार बैट्रिया चोरी कर ले गये।सुबह सोकर उठे मालिक ने ई रिक्शा की बैट्रिया गायब देखी तो उसके होश उड़ गये।पीड़ित ई रिक्शा मालिक ने शनिवार को पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की।पुलिस ने पीड़ित को जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

नगराम ने करोरा गांव निवासी रामू ने बताया वो अपने परिवार के साथ मोहनलालगंज के गौरा कालोनी के एक मकान पर किराये पर रहकर ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार के लिये दो जून की रोटी का इन्तजाम करता है।रामू ने बताया गुरूवार व शुक्रवार की मध्यरात्रि किराये के घर के बाहर खड़े उसके ई रिक्शा की चार बैट्रिया बैखोफ चोर चुरा ले गये।चोरी से पहले बैखोफ चोरो ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरो के तार भी काट दिये।पीड़ित ई रिक्शा मालिक रामू ने शनिवार को पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये अज्ञात चोरो पर कार्यवाही की मांग की हैं।क्षेत्रीय लोगो ने बताया इसके पहले भी मोहनलालगंज कस्बे से बैखोफ चोर तीन ई रिक्शो की बैट्रियो समेत अन्य सामान चोरी कर चुके है पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया था लेकिन घटनाओ का खुलासा करने में नाकाम रही थी।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की शिकायत पर हल्का इंचार्ज को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दियें गये हैं।

## होटल में नशेबाजी के दौरान पड़ोसी की छत पर कूदे युवक , मचा भगदड़

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , आशियाना क्षेत्र के संचालित एक होटल की छत पर चल रहे जश्न के दौरान कुछ युवक पड़ोस में स्थित मकान की छत पर कूद पड़े जिससे भगदड़ मच गया कालोनीवासियों ने युवको को दबोच लिया और स्थानीय पुलिस को सूचना दे युवको को उनके सुपुर्द कर दिया मकानमालिक की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है आशियाना क्षेत्र के सेक्टर जी में रहने वाले सीनियर सिटीजन नन्दलाल गुप्ता के मुताबिक उनके घर के निकट ही सी के इन नामक होटल संचालित है होटल में आये दिन ठहरे हुए लोग जुआ शराब पार्टी आदि करते रहते है जिससे कालोनीवासी काफी त्रस्त और परेशान हो चुके है गुरुवार रात भी होटल में कुछ संदिग्ध युवक ठहरे हुए थे और होटल की छत पर नशेबाजी एवं जुएबाजी कर रहे थे इसी दौरान रात्रि करीब 11:00 बजे कुछ युवक उनके छत पर कूद पड़े और लोहे का ग्रिल तोड़ दिया आहत मिलने पर वह दौड़कर अपनी छत पर पहुंचे तो संदिग्ध भागने लगे जिसपर शोर मचाते हुए कालोनीवासियों की सहयोग से कुछ युवको को पकड़ लिया गया जबकि दो युवक भागने में सफल रहे पकड़े गए युवको को पुलिस को सूचना दे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया वहीं स्थानीय आशियाना थाने पर पहुंचे नन्दलाल गुप्ता ने लिखित शिकायत की पुलिस शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है

## तेज रफ़्तार थार गाड़ी ने किशोर को रौंदा मौत

लखनऊ. आलमबाग थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात्रि शादी समारोह से अपने घर लौट रहा किशोर तेज रफ्तार थार गाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से लोकबंधु अस्पताल भेज दिया जहाँ डॉक्टरों ने जाँच के बाद किशोर को मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज बड़े भाई की शिकायत पर गाड़ी नंबर आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिवशंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र के आरती नगर गढ़ी कनौरा में रहने वाला मो0 कासिम पुत्र स्व मो0 नासिर के मुताबिक उसका छोटा भाई मो नाजिम (17) मोहल्ले की शादी के कार्यक्रम से घर लौट रहा था तभी तालकटोरा कादर खान मस्जिद के पास मोड़ पर एक अनियंत्रित थार गाड़ी संख्या यूपी 32 एनसी 1716 की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया था उसके भाई के सर पर गाड़ी चढ़ाते हुए गाड़ी चालक फरार हो गया था जहाँ से लोक बन्धु अस्पताल ले जाया गया अस्पताल में डॉक्टरों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

## महाशिवरात्रि के भव्य उत्सव में आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्राष्ट्रीय केंद्र बेंगलुरू में दुनिया भर के कोने-कोने से जुटे 2.5 लाख से अधिक भक्त और साधक

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।आर्ट ऑफ लिविंग अन्तर्राष्ट्रीय केंद्र का भव्य गुरूपादुकावनम महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर वातावरण को शुद्ध करने वाले पवित्र मंत्रोच्चारण, भजन और ज्ञान से गूंज उठा। वैश्विक आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी की उपस्थिति में 2.5 लाख से भी अधिक लोगों ने पवित्र ध्यान और मौन में भाग लिया। महाशिवरात्रि की संध्या पर, मंत्रोच्चारण और मधुर भजनों के बीच गुरुदेव ने पावन रुद्राभिषेकम्‌ किया। यह एक वैदिक अनुष्ठान है, जो शिव के रुद्र रूप के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए किया जाता है। यह अनुष्ठान भक्तों को प्रसन्नता और समृद्धि प्रदान करता है और उनकी इच्छाओं की पूर्ति भी करता है।

गुरुदेव कहते हैं, शिवरात्रि अर्थात शिव की शरण में आना। शिव अनंत, सौंदर्य और अद्वैत हैं। आप शिव की शरण में आते हैं क्योंकि आपका वास्तविक स्वरूप शिव ही है। शिव, समस्त ब्रह्मांड का ध्यानस्थ पक्ष है। गुरुदेव की उपस्थिति में संत आदि शंकराचार्य के जीवन और महिमा पर आधारित आर्ट ऑफ लिविंग की पहली वेब श्रृंखला के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। श्री श्री पब्लिकेशंस ट्रस्ट के ट्रस्टी नकुल धवन जी ने कहा, आदि शंकराचार्य भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण एवं प्रसिद्ध व्यक्तित्व हैं, लेकिन हर कोई उनके जीवन के विषय में नहीं जानता है। उनका जीवन बहुत छोटा लेकिन विविध घटनाओं से परिपूर्ण था, जिसमें उन्होंने पूरे देश की लंबाई और चौड़ाई में पैदल यात्रा की, जिससे देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को एकजुट किया गया। उन्होंने जो परंपराएं और संस्थाएं शुरू कीं वे आज तक जीवित हैं और फल-फूल रही हैं। वे भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के वास्तुकार हैं। शिवरात्रि के अवसर पर मध्य रात्रि को, शिव तत्व में डूबने के लिए दुनिया भर से आए लाखों लोगों ने गुरुदेव के साथ महाशिवरात्रि के विशेष ध्यान का अनुभव किया।

# डिप्टी सीएम की मौजूदगी में ली भाजपा की सदस्यता

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भाजपा सदस्यता अभियान के तहत लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, युवा नेता नीरज सिंह की उपस्थित में बड़ी संख्या में अन्य पार्टी के कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।जिसमें पूर्व प्रदेश महासचिव सपा बीनू शुक्ला बड़ी सख्या में अपने सहयोगियों के साथ पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रसपा विनोद मिश्रा, पूर्व महानगर अध्यक्ष लखनऊ कल्पेश द्विवेदी, पूर्व महासचिव महेंद्र गौड, पूर्व महासचिव युवा जनसभा शुभम मिश्रा राम, पूर्व उपाध्यक्ष अभिजोत सिंह, विजय यादव, सर्वेश चौहान, हरीश मिश्रा, याकूब अंसारी, सत्येंद्र सिंह, दिनेश यादव, धर्मेंद्र सिंह यादव, राजू यादव, जुमा खान, मृदुल वाजपई, नगर सचिव मनोज वाजपई, हनुमन पाल, ओम प्रकाश मिश्रा, गौरी शंकर गुप्ता, अनमोल मिश्रा, राकेश यादव, नदीम खान, उदय प्रताप मिश्रा, काशीराम रावत, प्रेमवती रावत, कल्पना शुक्ला, अनुज शुक्ला, वंदना शर्मा, रामनरेश चौरसिया, इम्तियाज अहमद के साथ दो हजार से अधिक कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। वही कैंट विधानसभा के रामजीलाल सरदार पटेल नगर वार्ड के पूर्व बसपा पार्षद प्रत्याशी प्रशांत कुमार साहू, उत्तर विधानसभा से मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सदस्यता ग्रहण की।

## शिवरात्रि के दूसरे दिन भी विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ शनिवार को नगर पंचायत बंथरा के ग्राम सभा शिवपुर में शिवरात्रि के दूसरे दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के तमाम शिव भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया शिवरात्रि के दूसरे दिन इस भंडारे का आयोजन काफी वर्षों से किया जा रहा है जिसमें भगवान शिव के भक्तों के द्वारा प्रसाद वितरण किया जाता है और भंडारे में सभी लोग पहुँच कर भंडारे का प्रसाद लेते हैं इस भंडारे का आयोजन सोनू अवस्थी, राजा गुप्ता, बाऊवा गुप्ता, बुल्ली अवस्थी द्वारा किया जाता है साथ ही क्षेत्र के लोगों का भी इस भंडारे में सहयोग काफी मिलता है

## पुरसेनी में राज्य सरकार की जमीन कब्जा कर निर्माण कराने का लगा आरोप

अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज ।शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने नायाब तहसीलदार भानु प्रकाश त्रिपाठी की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये ।पहली शिकायत राजेश यादव निवासी पुरसेनी ने करते हुये बताया उनके गांव में स्थित गांटा स०-578 मि रकबा 0.1260हेक्टेयर भूमि सरकारी अभिलेखो में राज्य सरकार के नाम दर्ज है जिसके बाद भी कुछ प्रभावशाली लोगो द्वारा राज्य सरकार की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है,यदि उक्त लोगो को रोका ना गया तो निर्माण कराकर सरकारी जमीन को बेच देगें ।प्रभारी निरीक्षक ने नायाब तहसीलदार को राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मौके पर जाकर जांच कराकर कार्यवाही के निर्देश दिये ।दूसरी शिकायत रामकिशोर निवासी हुलासखेड़ा ने करते हुये बताया जमीनी विवाद के एक मुकदमें में अपर सिविल जज न्यायालय में चल रहे रामकिशोर बनाम गुलाबचन्द्र के बीच चल रहे मुकदमें में उसके पक्ष में निर्णीत हो चुका है जिसके बाद भी विपक्षी गुलाब चन्द्र,सतगुरु,गंगादेई जबरन काटीले तार डालकर कब्जा कर रहे है ओर नाली वाली जमीन पर जबरन बाउंड्री वाल बना लिया हैं ।मना करने पर विपक्षी झगड़ा व मारपीट पर अमादा हो जाते हैं ।प्रभारी निरीक्षक ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर जाकर जांच कर शिकायत के निस्तारण के निर्देश दियें ।इस मौके पर सभी उपनिरीक्षक व राजस्वकर्मी मौजूद रहें।**

## घर में संदिग्ध परिस्थितियों में स्टेशनरी दुकानदार की मौत

लखनऊ , आशियाना क्षेत्र में शनिवार सुबह अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ उम्र का स्टेशनरी दुकानदार अचेत अवस्था में मिला सुचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने अधेड़ को लोकबंधु अस्पताल भेजा जहाँ डॉक्टरों ने जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर जी में 56 वर्षीय दीपक पाण्डेय पुत्र स्व कन्हैया लाल पांडे अपने मकान के निचले तल पर शनिवार को अचेत अवस्था में पड़े हुए मिले बहन भाई की हालत देख पुलिस को सूचना दीं जिन्हे लोकबंधु अस्पताल भेजा गया था जहाँ जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया था मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मृतक अपने मकान में अकेले ही रहता है और घर में ही स्टेशनरी की दूकान चलाता है मृतक की पत्नी अपनी पुत्री के साथ लम्बे समय से पति से अलग गैरजनपद में रहती है मृतक की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट हो सकेगा

## संक्षेप

### एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

बांगरमऊ, उन्नाव। उप जिलाधिकारी राम मोहन मीणा की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस संपन्न हुआ। थाना दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र निस्तारण के लिए उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक मो० नईम खां, कस्बा चौकी इंचार्ज विनोद सिंह सहित नगर पालिका परिषद बांगरमऊ व नगर पंचायत गंजमुरादाबाद के संबंधित कर्मचारियों के साथ ही सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपाल उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला किशोरी का शव

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के बेथर गांव की रहने वाली किशोरी का शुक्रवार देर शाम संदिग्ध हालत में घर के कमरे में फंदे पर शव लटकता मिला। पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बेथर गांव के रहने वाले मनोज कुमार किसान है। शुक्रवार को वृद्ध बाबा मंगल को छोड़कर सभी परिजन खेत में आलू खोदने गए हुए थे। देर शाम को घर लौटे तो घर के कमरे में पंद्रह वर्षीय बेटी साक्षी का शव फंदे पर लटका पाया। परिजन शव को लेकर सीएचसी आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया गया। इकलौती बेटी की मौत से घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना परिजनों से पुलिस को दी गई। बेथर चौकी प्रभारी डीपी सिंह ने मौके पर पहुंच जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है। मृतक साक्षी दो भाइयों में अकेली बहन थी। परिजनों ने बताया कि लड़की ने आत्महत्या की है। मृतका द्वारा आत्महत्या किए जाने से परिजन स्तब्ध हैं

### निजी अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के कोतवाली गेट के सामने हरदोई उन्नाव मार्ग पर स्थित आदर्श हॉस्पिटल के आठवे वार्षिकोत्सव पर हॉस्पिटल संचालक द्वारा शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। स्वास्थ्य टीम ने विधायक श्री कटियार का स्वास्थ्य परीक्षण कर आए हुए तमाम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। हॉस्पिटल संचालक पंकज श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। विधायक कटियार, हॉस्पिटल संचालक ने भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। इस मौके पर डा0 मनोज डॉक्टर, डा0 बीपी सिंह, महेश कुशवाहा, अधिवक्ता श्रीकांत तिवारी, विनमोल श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान लालेश श्रीवास्तव, विजय निषाद, जयपाल पटेल, धर्मेंद्र राजपूत, संतोष आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन

## लगभग 56176 वादों का हुआ सफल निस्तारण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव, श्रीमती श्रीवास्तव के कुशल दिशा निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया आज दिनांक 09.03.2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव, प्रतिमा श्रीवास्तव एवं अपर जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह एवं एस०पी० सिद्धार्थ शंकर मीणा द्वारा प्रातः 10:00 बजे जनपद न्यायालय उन्नाव के केन्द्रीय हॉल में दीप प्रज्जवलित कर किया गयो जिसमें प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय जैगम उद्दीन, कुमुदनी वर्मा अध्यक्ष, स्थाई लोक अदालत, अल्पना सक्सेना अपर जिला जज, मो०असलम सिद्दीकी अपर जिला जज, ममता सिंह अपर जिला जज, अनिल कुमार सेठ अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, विवेकानन्द विश्वकर्मा अपर जिला जज शिप्रा आर्या अपर जिला जज, पूनम-कक अपर न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय, मनीष निगम अपर जिला जज /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव, जयवीर सिंह नागर अपर जिला जज एफ.टी.सी. रवि प्रकाश साहू अपर जिला जज एफ.टी.सी.-प्रथम, स्वतंत्र प्रकाश अपर जिला जज फास्ट ट्रैक, सुधा सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उन्नाव तथा अन्य सभी सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, बार एसोसिएशन के महामंत्री एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव के कर्मचारीगण व पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहें राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ करते हुये जनपद न्यायाधीश द्वारा अधिक से अधिक वाद सुलह समझौते के आधार पर लोक अदालत में निस्तारित किये जाने का आह्वाहन किया गयो राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में जनपद न्यायालय उन्नाव के विभिन्न न्यायालयों के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा जिसमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 72 वाद एवं मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वादों में रू. 36769000 प्रतिकर अवार्ड किया गयो 74 वैवाहिक वाद, उत्तराधिकार के रु० 13550529.5 के प्रमाण पत्र जारी किये गये विविध दीवानी 18 वाद, तथा आपराधिक शमनीय 7308 वादों में रू. 875130 अर्थदंड ,एन.आई. एक्ट के 12 वाद, आरबीट्रेशन के 02 वाद एवं 174 अन्य वाद का निस्तारण किया गया। राजस्व के 34979, परिवार न्यायालय द्वारा 02 वैवाहिक प्रि-लिटिगेशन वाद तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव द्वारा 01 वैवाहिक प्रि-लिटिगेशन वाद । ई-चलानी यातायात के 35 वाद का निस्तारण किया गया। अन्य प्रि-लिटीगेशन वादों जिसमें विद्युत से सम्बन्धित 11390 मामलों का प्रि-लिटीगेशन के वादों का भी निस्तारण किया गयो अन्य लघु वाद का विशेष लोक अदालत में कुल 456 वादों का निस्तारण किया गयो निस्तारित वैवाहिक वादों में से 15 जोड़ों ने आपसी सुलह- समझौते के आधार पर पुनर्मिलन के लिए सहमत हुए और भविष्य में बिना किसी मतभेद के एक साथ जीवन जीने के वादे के साथ एक-दूसरे को माला पहनाई और अपनी कानूनी लड़ाई समाप्त कर दी। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में लगभग 56176 वादों का निस्तारण किया गया।

# एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। हरदोई उन्नाव मार्ग पर स्थित एक मैरिज लॉन में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सचिव, ग्राम प्रधान एवं अभिभावकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक के पुत्र एवं प्रतिनिधि अश्वनी दिवाकर, और खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह ने दीप प्रज्वलन करके किया। कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय सफीपुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की सम्मोहक प्रस्तुति दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। और स्वागत सना फातिमा सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय पावा ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे।पूजा खन्ना सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रूपपुर चंदेला ने शिक्षा में नवाचार की भूमिका और उपादेयता पर प्रकाश डाला।तौसीफ अली खान ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में अपार संभावनाएं हैं सिर्फ हमें हुनर को निखारने की जरूरत है। अनीता सिंह सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रूप पुर चंदेला ने मिशन शक्ति फेज 4 के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रामपुर खैरी इरम मंजर ने अपने गीत के माध्यम से शिक्षकों का अभिनंदन किया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा लगाई गई टीएलएम प्रदर्शनी की सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर पीएसपीएसए के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजीव संखवार, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी, यूपीपीएसएस के जिला उपाध्यक्ष आशुतोष श्रीवास्तव, पीएसपीएसए के जिला अध्यक्ष मदन गोपाल, जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष तौसीफ अली खान, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष सूरज गुप्ता, राम नरेश गौड़, नरेंद्र मौर्य, शराफत खान, मेराज आलम, देवेंद्र कुशवाहा, मीनू तिवारी, रेशमा नकवी, मिताली बाजपेई, रेखा बेदी, बबिता गुप्ता, शरद कुशवाहा, समेत सैकड़ों की संख्या में शिक्षकगण मौजूद रहे।

# पैदल जा रहे वृद्ध को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के चलकवंशी संडीला मार्ग पर बैंक से अपना काम निपटा कर पैदल जा रहे वृद्ध को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो जिसे निकट के सी एच सी लाया गया जहां पर मौजूद डॉ ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया थाना औरास क्षेत्र के खंडवल निवासी यूनुस 60 वर्ष पुत्र यूसुफ अपने निजी काम से सीमऊ स्थित इंडियन बैंक गया था अपना काम निपटा कर वो वापस जा रहा था तभी सीमऊ चौराहे पर ट्रक ने उसको जोरदार टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र औरास ले गए जहां पर मौजूद डॉ ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना प्रभारी रेखा सिंह ने बताया कि चालक समेत ट्रक हिरासत में है अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# तेज रफ्तार डंफर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से बाइक पर सवार तीनों युवको में एक की मौके पर ही मौत हो गई वही अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से सीएससी औरास में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई पूरा मामला औरास थाना क्षेत्र के रामपुर खजडी गांव निवासी दीपू पुत्र नन्हे रैदास, लव कुश पुत्र कमलेश निवासी करीमनगर थाना कासिमपुर बेहंदर जनपद हरदोई शिव शंकर पुत्र शिवलाल निवासी खजडी तीनों औरास से रामपुर खजडी गांव की तरफ एक नई बाइक पर सवार होकर जा रहे थे अभी वह मंसूरी धर्म कांटा की आसपास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार डंफर ने सामने से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दीपू की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई वही लवकुश व शिवशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया वही राहगीरों ने एक्सीडेंट की सूचना दीसूचना पर औरास पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया लव कुश व शिव शंकर की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया पुलिस ने घटना की जानकारी घायल और मृतक के परिजनो को दी मौके पर पहुंचे परिजन शव देख कर बिलख बिलख रोने लगे क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना पर कार्रवाई की गई है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वही कुछ राहगीरों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बिना नंबर व ओवर लोड वाहन सड़क पर काल बनकर दौड़ते है प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में विफल है वही इस संबंध में नवागत जिलाधिकारी गौरांग राठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सड़को पर दौड़ते ओवर लोड व बिना नंबर के वाहनों पर जल्द ही आकस्मिक निरीक्षण करा अंकुश लगाया जाएगा जब की ए आर टी ओ प्रवर्तन ए के सिंह ने बताया कि समय समय पर आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया जाता रहेगा।

# अवैध कच्ची शराब समेत महिला गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गाँव से आबकारी विभाग द्वारा अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गयी। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केदारखेड़ा में मुखबिर की खास सूचना के आधार भुलाना पत्नी भोला को मय माल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया अवैध कच्ची शराब प्रतिबंधित है। उक्त अभियुक्ता को गिरफ़्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# वातावरण में जहरीला धुआं घोल रही हैं दर्जनों ग्लू की भट्ठियां



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के डकारी, कर्मी बिझलाऊ के अलावा आस पास गांवों में ग्लू भट्ठियां रातों दिन जहरीला धुंआ उगल रहीं हैं। जिससे करीब एक दर्जन गांव के लोग त्रस्त हैं और तमाम बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार जिले के आलाधिकारियों से भट्ठियों को बंद कराने की मांग की है, लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे आस पास की आवो हवा प्रदूषित हो रही है।

जानकारी के मुताबिक गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के डकारी व कर्मी बिझलामऊ गांव के अलावा आस पास के गांवों में कई वर्षों से अवैध रुप से ग्लू भट्ठियां धधक रहीं हैं। भट्ठियों से निकलने वाले जहरीले धुएं से दर्जनों ग्रामीण गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। रातों दिन धुआं उगल रही भट्ठियां के कारण डकारी, त्रिभुवन खेड़ा, सिपाहिन खेड़ा, मंशा खेड़ा, रजवा खेड़ा, लोचन खेड़ा, लखापुर, तुर्किया बदरका, रामगंज, पपरिया, कर्मी, बिझलामऊ, बबुरिया समेत करीब एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग जहरीले धुएं से पीड़ित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जिला प्रशासन से भी गुहार लगा चुके हैं लेकिन अवैध रूप से संचालित भट्ठियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे रातों दिन यह भट्ठियां जहरीला धुंआ उगल रही हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि प्रदूषण विभाग की निजी हितों के चलते इन पर कोई कार्यवाही नहीं करता है। वहीं संचालक लकड़ी जलाने के बजाय चमड़े का छीलन और कतरन प्रयोग कर रहे हैं। जिससे उठने वाला धुएं से आसपास के लोग परेशान हो गये हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार

क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी अनिल माथुर ने बताया कि बीते दिनों भट्ठी संचालकों को हिदायद दी गई थी। इसके बावजूद यदि चमड़े के छीलन का प्रयोग कर रहे हैं तो मौके पर जाकर जांच पड़ताल की जाएगी। दोषी पाए जाने पर संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# महा शिवरात्रि पर रात्रि जागरण में किया गया कवि सम्मेलन का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के सगवर गांव स्थित बाबा श्री झारखण्डेश्वर शिव मन्दिर में तेइसवां महाशिवरात्रि महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आयोजन में प्रमुख रूप से शिवतांडव व कवि सम्मेलन भी शामिल किया गया था जिसे देखने के लिये लोग सैकड़ो की संख्या में मौजूद थे।

सगवर स्थित प्राचीन काल से पौराणिक रूप से प्रसिद्ध बाबा श्री झारखंडेश्वर शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर तेईसवें महाशिवरात्रि व्रत महोत्सव का आयोजन का शुभारंभ प्रातःकाल मंदिर में पूजा अर्चना, श्रृंगार, रुद्राभिषेक व हवन के बाद भंडारे के साथ शुरू हुआ। इस दौरान दर्शनार्थियों का अटूट मेला दर्शनों के लिये चलता रहा। दोपहर बाद कलाकारों द्वारा शिव तांडव की प्रस्तुति कर दर्शको को भाव-विभोर कर दिया गया।आयोजकों द्वारा रात्रि जागरण में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें जनपद समेत अन्य प्रदेशों के वाणी पुत्र मौजूद रहे। कवि सम्मेलन का शुभारंभ भिलाई म०प्र० से पधारी कवयित्री नीलम कश्यप ने माँ सरस्वती व शिव वंदना के काव्य पाठ से सुरुवात कर 'कण कण में भगवान -मन मे रचो राम की पंक्तियां सुनाई। क्षेत्र के वाणी पुत्र कवि कमलेश शुक्ल ने 'फिर से आये रामराज्य नतमस्तक देश समूचा हो' सुना कर दर्शकों व तालिया बटोरने पर मजबूर कर दिया। सगवर गाँव निवासी बाल कवि सुधांशु सिंह ने अपनी पंक्तियों में ₹आंगन बचे न घरों के संसार में, तुलसी बिकने लगी है बाजार में₹ मौजूद रहे श्रोताओं का दिल जीत लिया। भारत सिंह परिहार की रचनाओ 'न ही धन चाहिए न ही रतन चाहिए, जन्म जब जब मिले ये वतन चाहिये' को भी श्रोताओं ने खूब सराहा। लखनऊ से पधारी श्रृंगार रस की कवियित्री डॉ सुमन दुबे ने 'दिल की बंजर जमी को हरा कीजिये, काम कोई तो उम्मीद का कीजिये 'पंक्तियों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। रायबरेली के हास्य कवि नर कंकाल की हास्य रचना 'एक नचनिया पर जितना पैसा लुटा सकते हो ,इतने में सैकड़ो गरीब कन्याओं का विवाह करा सकते हो' से लोगों को खूब ठहाके लगवाये। दिल्ली से आई हुई कवियत्री कल्पना शुक्ला, रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी 'प्रलयंकर' अमेठी, व कुवंर जावेद कोटा राजस्थान, विधु भूषण त्रिवेदी मुम्बई , अर्जुन सिसौदिया की रचनाओं को भी लोगों की सराहना मिली। कार्यक्रम का संचालन बाराबंकी से आये राम किशोर तिवारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि माया सिंह समाजसेवी कार्यक्रम में मौजूद रही जिनका ग्राम प्रधान दीक्षा मिश्रा ने मंच पर उन्हें माला और अंगवस्त्र पहनकर सम्मानित किया । कार्यक्रम के आयोजकों ने मंच पर सभी कवियों को सम्मानित पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र से संम्मानित किया। वहीं शिवरात्रि को मन्दिर परिसर पूरे दिन आयोजन में भीड़ जुटने से सुरक्षा व्यवस्था के तहत बारा सगवर पुलिस मौजूद रही। कार्यक्रम अध्यक्ष वासुदेव त्रिवेदी ने आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान साहित्यकार गणेश नारायण शुक्ला, निशाकांत दीक्षित, दुर्गेश सिंह, संजय सिंह , रजन्नू सिंह अमित , शिवकुमार शुक्ला, बबलू सिंह, राम मंगल मिश्रा , संतन मिश्रा, ओमप्रकाश त्रिवेदी उमेश कुशवाहा आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# थाना हुजूरपुर में हुई शांति कमेटी की मीटिंग

## शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं आगामी त्यौहार: सीओ



अमन लेखनी समाचार/सिराज अली

कैसरगंज, बहराइच। आगामी त्यौहार को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट है। थाना हुजूरपुर में आगामी त्यौहार के मद्दे नजर पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र गौड़ की अगुवाई में पीस कमेटी की मीटिंग की गई जिसमें सीओ कैसरगंज ने लोगों से अहवान किया कि सभी लोग आपसी भाईचारे प्यार मोहब्बत के साथ गंगा जमुना तहजीब का प्रतीक देते हुए भाईचारे के साथ सभी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं एवं कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश कतई ना करे।

दोषियों को किसी भी दशा में छोड़ा नहीं जाएगा। अगर किसी ने माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसे जेल भेजा जाएगा। दंगाइयों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। थाना हुजूरपुर में पीस मीटिंग में कई ग्रामों के प्रधान बीडीसी नागरिकों से वातालाप किया गया और आने वाले सभी त्योहारों को आसान तरीके से मनाने की अपील की गई। इस मौके पर इंस्पेक्टर थाना हुजूरपुर और इलाके के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गाँव हीराखेड़ा निवासी एक युवक का शव फांसी के फंदे पर संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । क्षेत्र के हीराखेड़ा मजरा भड़सर नौशाहरा गांव निवासी राकेश 25 वर्ष पुत्र नन्हेलाल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर शीशम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला मृतक घर से बिना बताए दोपहर में चला गया था।जब काफी देर नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू हुई इस बींच लोगों ने जब उसे फांसी के फंदे पर लटकता देखा तो कोहराम मच गया।मृतक अपने पीछे अंश 4 वर्ष व दो माह की दुधमुंही बच्ची व पत्नी फूल कुमारी को रोता बिलखता छोड़ गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# धूमधाम से निकली भगवान भोलेनाथ की बारात

## पुष्प वर्षा तथा आरती उतारकर शोभायात्रा का किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार/फैजान



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज में भगवान शिव विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भव्य शिव बारात निकाली गयी जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए, तथा भंडारे में भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार की शाम राम जानकी मंदिर से भगवान शिव की भव्य बारात पूरे हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। यह शोभायात्रा मुख्य मार्ग से हनुमान मंदिर होते हुए राम जानकी मंदिर पहुची। इस शोभायात्रा का नेतृत्व ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन सभासद प्रतिनिधि हिमांशु सिंह व डॉ्ङ अरविंद सिंह आदि ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस कार्यक्रम मे शोभायात्रा में भगवान शिव की झांकियां भी निकाली गई। नगर वासियों ने पुष्प वर्षा करके भगवान शिव की पूजा व आरती उतारी। पूरा कैसरगंज हर हर महादेव के नाम से गुंजायमान हो गया। इस दिन विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए और कोई अप्रिय घटना ना हो इसलिए प्रभारी निरीक्षक पुलिस टीम के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर, मुस्तैदी से जुटे रहे।इस मौके पर पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी, बद्री बाबा, बिन्नू सिंह, शक्ति यज्ञसैनी, राहुल फूलआर्ट, आयुष यज्ञसैनी, रवि सोनी,, जनमेजय गुप्ता, पवन सोनी, डा0दयाराम यादव, उमा प्रताप सिंह , आदि श्रदालु गण मौजूद रहे।

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था में तेजी से और लगातार बढ़ता बाजार

शेयर बाजार किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की सेहत बताने के पैमानों में से एक होता है। अगर शेयर बाजार लगातार छलांगें मारता है तो तय माना जाता है कि अर्थव्यवस्था सही दिशा में जा रही है और देश उन्नति के पथ पर अग्रसर है। अगर भारत में शेयर बाजार को देखा जाए तो हर दिन नए रिकार्ड बना रहा है। बुधवार को भी सेंसेक्स में 400 अंकों से ज्यादा का उछाल आया है। पहली बार सेंसेक्स ने 74 हजार के स्तर को पार किया है। दोपहर ढाई बजे के बाद सेंसेक्स अभी 74,072.91 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स के साथ निफ्टी में भी तेजी देखने को मिली। निफ्टी ने 108 अंकों से ज्यादा के उछाल के साथ 22,464.45 के स्तर पर ट्रेड किया। अमेरिकी बाजारों में कमजोरी और आईटी शेयरों में बिकवाली के बीच बुधवार को शुरुआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई थी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित इंडेक्स सेंसेक्स 229.04 अंक गिरकर 73,448.09 अंक पर आ गया था, जबकि एनएसई का इंडेक्स निफ्टी 63.15 अंक फिसलकर 22,293.15 अंक पर कारोबार कर रहा था। एशिया के दूसरे बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में तेजी दर्ज की गई। देश में कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, नेस्ले और सन फार्मा में बढ़त देखी जा रही है। इस तेजी के पीछे सबसे खास वजह देश की जीडीपी में उम्मीद से कहीं ज्यादा हुई वृद्धि को माना जा रहा है। इससे निवेशक जमकर शेयर बाजार में पैसा लगा रहे हैं। इसके अलावा निवेशकों में बैंकिंग और अन्य पीएसयू कंपनियों को लेकर भी खासा उत्साह का माहौल है। कभी वे भी दिन थे बैंकों को एनपीए के चलते खस्ता हालात का सामना करना पड़ा रहा था, लेकिन बीते सात सालों में बैंकिंग क्षेत्र में खासा सुधार हुआ है। जिसका सीधा असर शेयर बाजार में देखा जा रहा है। देश में बीते दस सालों के दौरान राजनीतिक स्थिरता भी बड़ा कारण है। जिससे निवेशकों में भरोसा जागा है। निवेशकों के दिल से अब अमेरिका में सॉफ़्ट लैंडिंग, मंदी का डर नहीं भी खत्म हो गया है। कोरोना के बाद जो हालात बने थे अमेरिका समेत दुनिया के देश उससे बाहर निकल आए हैं। अब तो निवेशकों को लग रहा है कि जल्द ही अमेरिका समेत भारत में ब्याज दरों में भी कटौती होगी। फेडरल रिजर्व ने ब्याज़ दरें स्थिर रखी हैं और 2024 में इनमें कटौती की उम्मीद जताई है। ऐसा ही भारतीय रिजर्व बैंक भी संकेत दे चुका है। अगर ऐसा होता है तो एक बार फिर बाजार में तेजी आ जाएगी। इसी भरोसे पर निवेशक लगातार निवेश कर रहे हैं। इस वक्त भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और लगातार तेजी गति से आगे बढ़ रही है। निःसंदेह इस समय भारत में शेयर बाजार के और तेजी से आगे बढ़ने की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। इसके साथ-साथ शेयर बाजार में जोखिम भी बढ़ गया है। इसका सबसे अधिक ध्यान रिटेल निवेशकों को रखना होगा। ऐसे में शेयर बाजार में हर कदम फूंक-फूंककर रखना जरूरी है। शेयर बाजार की ऊंचाई के साथ-साथ छोटे निवेशकों के हितों और उनकी पूंजी की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है। सरकार द्वारा शेयर और पूंजी बाजार को मजबूत बनाने की डगर पर आगे बढ़ने के लिए सेबी की भूमिका को और प्रभावी बनाया जाना होगा।

# सियासत के बाजार में नारी की अस्मिता



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

देश में जोर-शोर से 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाएगा जिसमें बड़ी- बड़ी गोष्ठियां और सभाएं होंगी जहां महिलाओं के स्वालंबन, सशक्तिकरण और उनके साथ हो रहे लैंगिक भेदभाव व उत्पीड़न को लेकर तमाम वादे और चिंतन-मनन होगा। इस बीच अहम सवाल यह कि सनातन संस्कृति वाले भारत में जहां 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' यानि जहां स्त्रियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं की मान्यता को आत्मसात करते हुए महिलाओं और बालिकाओं को सर्वोच्च दर्जा दिया जाता रहा हो वहां बालिकाओं और महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अत्याचार की घटनाएं कब रूकेंगी? आखिरकार ऐसी शर्मनाक घटनाओं पर सियासत कब तक जारी रहेगा? गौरतलब है कि इन दिनों पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में सत्तारूढ़ पार्टी 'टीएमसी' से जुड़े नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ लगातार यौन उत्पीडन, बलात्कार और बदसलूकी के साथ जबरिया जमीन पर कब्जा करने और आतंक फैलाने को लेकर देश की सियासत का एक बार फिर से सरगर्म है। बीते 8 फरवरी को सुंदरवन के संदेशखाली गांव की महिलाओं ने हाथ में झाड़, जूते और डंडे लेकर एक बड़ा प्रदर्शन किया था उनकी मांग थी कि पुलिस उन्हें टीएमसी के रसूखदार नेता शाहजहां शेख और उनके गुर्गों के आतंक से बचाए। ममता बनर्जी की कट्टर प्रतिद्वंद्वी भाजपा ने महिलाओं के इस आक्रोश को पूरे देश भर में पहुंचा दिया। ममता सरकार पर इस घटना के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को राजनीतिक और पुलिसिया संरक्षण देने के आरोप को खारिज नहीं किया जा सकता क्योंकि वह बंगाल में छिपा हुआ था। अलबत्ता मामले पर देशव्यापी तीखी प्रतिक्रिया और बंगाल हाईकोर्ट के सख्ती के बाद पुलिस ने शाहजहां को गिरफ्तार किया। इसमें कोई शक नहीं कि राजनीतिक पहुंच वाले अपराधियों की तरह शाहजहां भी जब तक पुलिस या न्यायिक हिरासत में रहेगा उसको पांच सितारा सुविधा मिलती रहेगी और बाद में कानूनी दांवपेंच के बलबूते जमानत पर रिहा होकर दोषमुक्त भी हो जाएगा। इस घटना के परिप्रेक्ष्य में देखें तो हमारे राजनीतिक दल यौन हिंसा पर राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी को देखकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। विचारणीय है कि मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हुए जघन्य यौन उत्पीड़न पर संसद से सड़क पर जबरदस्त हाय तौबा मचाने वाली पार्टियों ने बंगाल की घटना पर ठंडा रवैया अपनाया है। इस घटना पर वे तमाम मानवाधिकार और नागरिक संगठन भी चुप्पी ओढ़े हुए हैं जिन्होंने भाजपा शासित राज्यों में लड़कियों और महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म या यौन उत्पीडन की घटनाओं पर कोहराम मचाया था। बहरहाल मणिपुर में जिस तरह से दहशतगर्दो ने महिलाओं के साथ मर्माहत करने वाला जघन्य दुष्कृत्य किया गया वह हर लिहाज से देश के लिए शर्मनाक घटना थी। इस घृणित कृत्य के लिए जो भी जिम्मेदार थे उनके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही आवश्यक थी लेकिन यहां भी सियासत आड़े आ गया। बिलाशक मणिपुर और संदेशखाली में घटित घटनाओं के लिए दोनों ही राज्य सरकार और प्रशासन कठघरे में हैं अब देखना यह होगा कि न्याय कब होगा?

बहरहाल देश में महिलाओं के साथ दुष्कर्म और उत्पीड़न की घटनाओं पर सियासत का बाजार गर्म होना बेहद अफसोसजनक है क्योंकि इसमें पीड़ित महिलाएं रोज दुष्कर्म का दंश झेल रही हैं। महिलाओं के आबरू पर हो रहे खिलवाड़ की आंच में अपनी सियासी रोटियां सेंकने वाले दलों द्वारा ऐसे अमानवीय घटनाओं पर राजनीतिक नफा-नुकसान तौल कर प्रतिक्रियाएं देना भी राजनीतिक शुचिता को खंडित कर रहा है। इन परिस्थितियों में सवाल यह कि क्या हमारे राजनीतिक दल और राजनेता इतना विचार शून्य हो चुके हैं कि उनके पास सियासत के लिए अब सिर्फ नारी की अस्मिता ही बची है? बिलाशक महिलाओं और युवतियों के साथ घटित होने वाला हर दुष्कर्म देश और समाज के माथे पर कलंक है। दूसरी ओर संसद से लेकर सड़क पर सियासत की आड़ में नारी देह की मर्यादा को तार-तार करना हमारे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर बदनुमा दाग है। अलबत्ता महिलाओं के लज्जा भंग होने पर राजनीतिक दलों द्वारा सियासी रोटी सेंकने का यह पहला मामला नहीं है बल्कि हाल के वर्षों में जम्मू-कश्मीर, उत्तरप्रदेश ,राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार जैसे अनेक राज्यों में भी युवतियों और महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के बाद देश में सियासी पारा गर्म हुआ था। मुल्क आज भी साल 2012 में दिल्ली में घटित निर्भया सामूहिक दुष्कर्म और हत्याकांड को नहीं भूला है जिसके कोख से युवाओं और छात्रों की अगुवाई में देशव्यापी जन आंदोलन का आगाज हुआ था जिसने देश सत्ता की चूलें हिला दी थी। इस आंदोलन के बाद देश में दुष्कर्म पीड़ितों और घरेलू हिंसा के शिकार महिलाओं को संबल देने के लिए निर्भया योजना के तहत निर्भया फंड स्थापित किया गया।विडंबना है कि महिलाओं के प्रति भेदभाव खत्म करने, दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा पर रोकथाम और छेड़छाड़ व दुष्कर्म के खिलाफ दर्जनों कानून और संस्थाएं मौजूद हैं बावजूद



आधी आबादी अभी भी असुरक्षित है जो इन कानूनों और व्यवस्थाओं की पोल खोल रहा है। अशिक्षा और गरीबी के चलते अनेक जाति समाजों की महिलाएं दकियानूसी सोच और रूढ़िवादी व्यवस्था का शिकार हैं। अनेक राज्यों में आज भी कन्या भ्रूणहत्या और बालिका शिक्षा पर भेदभाव जैसी सदियों पुरानी मानसिकता हावी है। बहरहाल महिलाओं के साथ हो रहे लैंगिक भेदभाव और यौन हिंसा के बढ़ते मामलों के लिए हमारी सामाजिक व्यवस्था के साथ ही राजनीतिक व्यवस्था भी जिम्मेदार है। दरअसल हमारे सियासतदां सिर्फ नारी अस्मिता को बलाए ताक रखकर ही सियासत नहीं कर रहे हैं बल्कि राजनीति में सक्रिय महिलाओं पर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां करने में पीछे नहीं हैं। अतीत में कुछ राजनेताओं ने यौन उत्पीड़न पर बेहद गैर जिम्मेदाराना और हल्के स्तर का बयान दिया था जिसके चलते छेड़छाड़ और दुष्कर्म जैसे मामलों को अप्रत्यक्ष तौर पर बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए निर्भया के साथ बर्बरता पूर्ण दुष्कर्म के विरोध प्रदर्शन में शामिल युवतियों पर पूर्व कांग्रेसी सांसद अभिजीत मुखर्जी ने टिप्पणी किया था कि 'हाथ में मोमबत्ती जलाकर सड़कों पर आना फैशन बन गया है, ये सजी संवरी महिलाएं पहले डिस्को थेक में गईं फिर इस गैंगरेप के खिलाफ विरोध करने इंडिया गेट पहुंच गईं'। समाजवादी पार्टी के पूर्व सुप्रीमो स्व. मुलायम सिंह यादव के उस टिप्पणी पर भी भारी हाय-तौबा मचा था जिसमें उन्होंने दुष्कर्म जैसे बेहद संगीन जुर्म पर बयान दिया था कि लड़कों से गलती हो जाती है लेकिन इसके लिए उन्हें मौत की सज़ा नहीं देनी चाहिए। पश्चिम बंगाल में महिला दुष्कर्म के पुराने मामले में मचे सियासी बवाल पर सीपीआईएम नेता अनिसुर रहमान ने बयान दिया था कि दुष्कर्म पीड़ित महिलाओं को न्याय नहीं मिल सकता क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बलात्कार की कीमत तय कर दी है। कर्नाटक के पिछली सरकार के दौरान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक रमेश कुमार ने महिलाओं को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा था कि जब बलात्कार रोका नहीं जा सकता तो लेटिए और मजे लीजिए। आश्चर्यजनक तौर पर इस बयान के दौरान स्पीकर आपत्ति जताने की जगह ठहाके लगाते देखे गए। महिला सशक्तिकरण के नारों के बीच देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था में आधी आबादी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भले ही महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया है लेकिन पितृ सत्तात्मक व्यवस्था के चलते राजनीति में महिलाओं की राह अभी भी काफी पथरीली है। इसका अंदाजा लंबे समय तक अटके इस आरक्षण विधेयक सहित चुनाव प्रचार अभियान के दौरान नेताओं के महिला नेत्रियों के बारे में बदजुबानियों से लगाया जा सकता है। साल 1997 में लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर बहस के दौरान तब के सांसद स्व. शरद यादव ने कहा था कि बिल से सिर्फ 'परकटी औरतों' को ही फायदा होगा। इसके अलावा इस विधेयक पर चर्चा के दौरान अनेक सांसदों ने जिस तरह से टिप्पणियां की थी वह नारी शक्ति के संबंध में उनके सोच को प्रदर्शित करती है। चुनाव प्रचार के दौरान शरद यादव ने राजस्थान के भाजपा नेत्री वसुंधरा राजे के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की थी तो उत्तरप्रदेश के नेता नरेश अग्रवाल ने सांसद जया बच्चन को फिल्मों में नाचने वाली बताया था। एक टीवी बहस के दौरान कांग्रेस सांसद संजय निरुपम ने भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी को ठुमके लगाने वाली कहा था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के बारे में भी विपक्षी नेताओं और टीवी पत्रकारों ने काफी विवादास्पद टिप्पणी की थी जिसे सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद आजम खान ने लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान अपने प्रतिद्वंद्वी जयप्रदा पर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसके खिलाफ जुर्म दर्ज हुआ और उन्हें कारावास की सजा सुनाई गई थी। बहरहाल इक्कीसवीं सदी के भारत में जब हमारी महिला शक्ति अंतरिक्ष से लेकर देश और सात समंदर पार परदेस में अपनी प्रतिभा और क्षमता का लोहा मनवा रही हैं तब हमारे राजनीतिक दलों और समाज को महिलाओं के बारे में सोच को बदलना होगा आखिरकार नारी की अस्मिता सियासत नहीं बल्कि सम्मान का विषय है।

## महिला दिवस विशेष

विवेक शुक्ला




# हक मांगती आधी दुनिया

निस्संदेह यह तो अभी कहना जल्दबाजी ही होगी कि आधी दुनिया को उनके सारे कानूनी हक भारतीय समाज ने दे दिए हैं,पर इतना कहना ही होगा कि अब औरतें अपने हकों को हासिल करने के लिए घरों से निकल रही हैं। वह अपने घरों के अंदर या दफ्तरों में होने वाले अन्याय को सहने के लिए तैयार नहीं हैं। बेशक यह बदलते हुए भारत का एक रोशन चेहरा है। यह एक तरह से उम्मीद जगाता है कि आधी दुनिया अब अन्याय और अत्याचार सहने के लिए तैयार नहीं है। राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीलमपुर की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। यह महिला पंचायत दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही करीब 140 साल पहले दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज खोला था। महिला पंचायत में आने वाली औरतों को उनके अधिकारों से अवगत भी करवाया जाता है। अभी आधी दुनिया को अपने हक लेने के लिए बहुत संघर्ष करना होगा। अभी भी घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में मां, बेटी और बहू के लिए जगह



नहीं है। हालांकि अब घर बनाने के लिए आमतौर पर पति-पत्नी मिलकर मेहनत करते हैं और फिर होम लोन लेने लेते हैं। कहने को भले ही कहा जाता रहे कि हर सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। ये बात अपने आप में सौ फीसद सही है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह का रोल रहता है, पर उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग बहुत कम ही हैं। एक प्रकार से मान लिया गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा। कोई माने या ना माने, पर नेम प्लेट में आधी दुनिया के लिए जगह नहीं है। हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं है। वहां पर उनके क्रमशः कारोबारी तथा सरकारी अफसर पतियों के नाम ही नेमप्लेट पर चमक रहे थे। ये भी विडंबना ही है कि ये दोनों महिलाएं आधी दुनिया के पक्ष में निरंतर लिखती रही हैं। जो समाज नारी को देवी के रूप में पूजनीय मानता है वहां पर औऱतों को उनके अपने घरों की नेम प्लेट से दूर रखा जाता है। यह शर्मनाक स्थिति है। अगर बात घर से बाहर की हो तो भी महिलाओं की मेरिट की अनदेखी होना सामान्य सी बात है। ये कोई बहुत पुरानी बात नहीं है जब प्राइवेट कंपनियों के प्रमोटर अपनी पत्नियों, बेटियों, बहुओं वगैरह को ही बोर्ड रूम में रखकर सोचते थे कि उन्होंने बहुत बड़ी क्रांति कर दी है। इतना भर करके उन्हें लगता था कि उन्होंने नारी मुक्ति आंदोलन को गति दे दी। हालांकि अब स्थितियां बहुत सकारात्मक हो चुकी हैं। आधी दुनिया को कॉरपोरेट जगत में हरेक पद मिल रहा है। ये उन पदों पर रहते हुए श्रेष्ठ काम करके दिखा रही हैं। बहरहाल, जैसे-जैसे हमारे यहां महिलाएं आंत्रपरन्योर बनेंगी तो बोर्ड रूम में उनकी संख्या में भी बढ़ोत्तरी होती रहेगी। विश्व महिला दिवस ( 8 मार्च) को आधी दुनिया के हक में तमाम संकल्प लिए जाते हैं। इस बार भी लिए जाएंगे। अब भी कितने परिवार या पिता अपनी बेटियों को अपनी चल और अचल संपत्ति में पुत्रों के बराबर का हिस्सा देते हैं? बुरा ना मानें, आपको दस फीसद परिवार भी नहीं मिलेंगे, जहां पर पुत्री को पिता या परिवार की अचल संपत्ति में हक मिला हो। भारतीय कानून पिता की पुश्तैनी संपत्ति में बेटी को भी बराबर हिस्से का अधिकार देता है।

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित

**दर्शन**

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित

**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करन चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठ हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूज करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठ हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुर रहे हैं ? भगवान बोलेः मेरा एक भक्त अतिप्रभावी मानस पूजन कर रहा है।

## धार्मिक यात्रा



अमृतसर के दुर्गियाना मंदिर में बुधवार को श्रद्धालुओं ने पाकिस्तान के श्री कटास राज मंदिरों की तीर्थयात्रा पर निकलने से पहले धार्मिक नारे लगाए।

## आज की पाती

### जान का दुश्मन बन सकता है मोटापा

विशेषज्ञों के अनुसार देश-दुनिया में मोटापा बहुत से लोगों की जान का दुश्मन बन सकता है, क्योंकि यह जानलेवा बीमारियों का एक कारण भी होता है। मोटापे के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर वर्ष 4 मार्च को विश्व मोटापा दिवस मनाया जाता है। आज हमने अपनी जीवनशैली और खानपान की आदतों को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। मोटापा भी कुदरत के विरुद्ध खानपान और जीवनशैली अपनाने से बढ़ता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और हमारे देश की सरकारों, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने बहुत से अभियान चलाए हैं, इसके बावजूद इस समस्या पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा तो हमें जागरूक होना होगा।

**- रामेश्वर निर्मलकर**, बलौदाबाजार

## करंट अफेयर

### नवनली की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई : एसवीआर

रूस की विदेशी खुफिया सेवा के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी नेता एलेक्सी नवनली की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। खुफिया प्रमुख का यह बयान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के घोर आलोचक रहे नवनली की मौत के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठ रहे सवालों को शांत करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। रूस में 'एसवीआर' के नाम से जाने जानी वाली शीर्ष खुफिया एजेंसी, विदेशी खुफिया सेवा के निदेशक सर्गेई नारयश्किन ने रूस के सरकारी टेलीविजन में प्रसारित एक साक्षात्कार में यह बात कही। उन्होंने कहा, 'कभी न कभी जीवन का अंत तो होता ही है....। नवनली की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई।



## ऑफ बीट

### हम सार्वभौमिक विषनाशक बनाने के एक कदम करीब

यदि आपको किसी जहरीले सांप ने काट लिया है तो आपको जिस दवा की आवश्यकता है वह विषनाशक है। दुर्भाग्य से, विषनाशक के प्रकार सीमित हैं, जिसका अर्थ है कि जिस सांप ने आपको काटा है उसके लिए आपके पास सही विषनाशक होना चाहिए। लेकिन अधिकांश समय लोगों को पता ही नहीं चलता कि उन्हें किस प्रजाति के सांप ने काटा है। और कुछ सांपों के लिए, विषनाशक उपलब्ध ही नहीं होते हैं। मेरे सहयोगियों और मेरे द्वारा किया गया नया शोध एक विषनाशक के विकास को सक्षम करने में एक महत्वपूर्ण कदम है जो किसी भी जहरीले सांप के जहर के प्रभाव को बेअसर कर देगा



## ट्रेंड

### नारी शक्ति की अहम भूमिका



समृद्ध और सशक्त भारत को आकार देने में नारी शक्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पश्चिम बंगाल के बारासात में एक कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को प्रेरित किया। मैं जनशक्ति को नमन करता हूं। नये जोश के साथ सेवा करता रहूंगा।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### स्वधर्म का पालन करें



सभी मत, पंथ और संप्रदायों का आदर करते हुए स्वधर्म का तत्परतापूर्वक अनुपालन करें। जहां विधि निषेध का आदर एवं सांप्रदायिक निष्ठा है, वहां दैवसत्ता सहज ही चैतन्य हो जाती है। भारतीय संस्कृति एकीकृत एवं मानवता के पथ प्रदर्शक हैं।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### बंगाल का धैर्य कमजोरी नहीं



बंगाल के धैर्य और शिष्टाचार को कमजोरी नहीं समझना चाहिए। बोहिरागोटो जोमिदारों को 10 मार्च को यह याद दिलाना चाहिए। इस रविवार को जोनो गोरजोन सभा एक ऐतिहासिक घटना होगी जिसने हमेशा अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी है।

**-ममता बनर्जी, सीएम प. बंगाल**

### कोच ने निराश किया



मैं हमेशा इससे सावधान रहता हूं कि चीजें गलत होने पर कोच टीम के फैसले से दूर चले जाएं। यह खराब सिग्नल देता है। जब तमिलनाडु मुंबई से हार गया, तो उन्हें एक साथ रहने की जरूरत थी। तमिलनाडु के कोच ने टीम को निराश किया है।

**-हर्षा भोगले, क्रिकेट विशेषज्ञ**

## संक्षेप

### थाना हुजूरपुर में हुई शांति कमेटी की मीटिंग

**शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं आगामी त्यौहार: सीओ**

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली

कैसरगंज, बहराइच। आगामी त्यौहार को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट है। थाना हुजूरपुर में आगामी त्यौहार के मद्दे नजर पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र गौड़ की अगुवाई में पीस कमेटी की मीटिंग की गई जिसमें सीओ कैसरगंज ने लोगों से अहवान किया कि सभी लोग आपसी भाईचारे प्यार मोहब्बत के साथ गंगा जमुना तहजीब का प्रतीक देते हुए भाईचारे के साथ सभी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं एवं कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश कतई ना करे। दोषियों को किसी भी दशा में छोड़ा नहीं जाएगा। अगर किसी ने माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसे जेल भेजा जाएगा। दंगाइयों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। थाना हुजूरपुर में पीस मीटिंग में कई ग्रामों के प्रधान बीडीसी नागरिकों से वातार्लाप किया गया और आने वाले सभी त्योहारों को आसान तरीके से मनाने की अपील की गई। इस मौके पर इंस्पेक्टर थाना हुजूरपुर और इलाके के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### अयोध्या में निर्मली कुंड में मिला मजदूर का शव

अयोध्या, अयोध्या के गुप्तार घाट निर्मली कुंड पर सरयू नदी में मजदूर का शव मिला है। उसकी पहचान आशिक अली (43) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आशिक अली की मौत कपड़ा धुलते समय पैर फिसलने से हुई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। निर्मली कुंड पर एक शव को नदी में तैरता हुआ देखा, जिसकी सूचना पुलिस स्थानीय लोगों ने पुलिस को दिया। घाट पर कुछ भीगे कपड़े पड़े थे, इसके अलावा कुछ कपड़े पानी में थे। कैंट थाना प्रभारी संजय मौर्या के अनुसार प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मृतक का नाम आशिक अली उम्र 49 साल निवासी बछड़ा सुल्तानपुर कोतवाली नगर का रहने वाला था। वह मजदूरी करता था। फिलहाल प्रथम दृष्टा मालूम होता है कि आशिक अली की मौत कुंड में पैर फिसलने से हुए है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

### हमीरपुर में महिला ने पति की बचाई जान

अयोध्या, जिले के कुरारा थाना क्षेत्र में आज एक महिला ने अपनी जान परवाह किए बिना अपने पति की जान बचा ली है। मानसिक रूप से परेशान पति कुएं में कूदा तो पत्नी की नजर उस पर पड़ गई। महिला ग्रामीणों की मदद से कुएं में उतरी और अपनी साड़ी से बांध कर पति को कुएं से निकाल लिया। फिलहाल घायल पति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। यह मामला कुरारा थाना क्षेत्र के शंकरपुर में परसी का डेरा का है।

# जनपद स्तरीय मिलेट्स कार्यशाला हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/विक्रम मिश्रा

पयागपुर, बहराइच। मोटे अनाज के बारे में लोगों में जागरुकता फैलाने व बढावा देने के लिए पूरे प्रदेश में अंतराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मनाया जा रहा है। आप को बताते चलें कि प्रदेश की जनता को पुष्टाहारह्व से लाभान्वित करने के लिए प्रदेश सरकार ने अब मिलेट्स यानी श्री अन्न के प्रति लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा वित्त पोषित उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के माध्यम से श्री अन्न के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की है। इसी क्रम में जनपद बहराइच के विधानसभा पयागपुर अंतर्गत ब्लाक विशेश्वरगंज में कृषि विभाग के द्वारा जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मोटे अनाज के उत्पादन एवं खाने से इसके फायदे के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पयागपुर के क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने की वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचे कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अपने भाषण में फिर नकली घी तेल पर प्रहार करते हुए कहा की हम किसी की आलोचना नहीं करते लेकिन कई लोगों ने दीपक जलाया पर जला नहीं, मोटे अनाज के बारे में बोलते हुए कहा कि अगर स्वस्थ जीवन जीना है तो मोटे अनाज खाएं। प्रधानमंत्री का दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं कि जब जब कोई विदेशी महमान यहां आया उसके खाने में मोटे अनाजों से बने पकवान जरूर परोसे एवं उसकी महत्वा एवं गुणवत्ता के बारे में भी बताया। वहीं पत्रकारों के सवाल पर भड़के सांसद ने कहा जो बोल दिया वही समाचार है। कार्यक्रम के संबोधन में विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि जनपद स्तरीय मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम हमारे विधानसभा में आयोजित हुआ है यह बड़ी बात है। इस आयोजन से विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले किसानों को इसके बारे में व्यापक जानकारी मिली, एवं जानकारी होने पर किसान अपने खेतों में मोटे अनाज को उपजाकर अच्छी कमाई भी कर सकेंगे। कार्यक्रम में मुख्यरूप से ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पाण्डेय विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख सच्चिदानंद पाठक कृषि निदेशक बहराइच टी पी शाही सहित विशेश्वरगंज एवं पयागपुर के सभी मण्डल अध्यक्ष एवं सेक्टर संयोजक सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकली बारात

**बाबा बफार्नी का शिवलिंग बना आकर्षण का केंद्र**

**डीजे के धुन पर जमकर नाचे शिवभक्त**

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच ।महाशिवरात्रि के पर्व पर रूपईडीहा नगर में शुक्रवार की शाम 7 बजे रामजानकी मंदिर से धूमधाम से शिव बारात निकाली गयी। आकर्षक झांकियों से सजी बारात में बाबा बफार्नी का 7 फीट का बर्फ से बनाया गया। शिवलिंग बिल्कुल अलग ही नजारा पेश कर रहा था। इसके पूर्व सुमित जयसवाल, शिवम गुप्ता, अभिषेक यादव, सौरभ गुप्ता, अखिल गुप्ता, किशन स्वरूप गुप्ता, रोहन वाल्मीकि, राज चक्रवर्ती, हर्षित सिंह, टिंकू मौर्या, मोहित शाही, अरविंद वाल्मीकि, कार्तिक कौशल आदि शिव भक्त बाबा बफार्नी शिवलिंग बनाने में दिन रात जुट रहे ।बारात में मनमोहक झांकिया व बैंड बाजा शिवभक्तों को थिरकने पर मजबूर कर रहा था। इस दौरान नगर के विभिन्न चौराहों पर मुख्य मार्गों पर प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह मय दल बल के साथ निगरानी कर रहे थे ।नगर के गणमान्य नागरिक बरात में शामिल रहे।

# श्रीराम लला के दर्शन को रवाना हुए श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी की पहल पर सुबह 40 श्रद्धालु लोकसभा क्षेत्र के उत्तरारगांव ग्राम सभा से श्री राम लला के दर्शन करने के लिए रवाना हुए। जय श्रीराम के नारों के साथ बसों से भेजे गए श्रद्धालुओं के रहने और खाने की व्यवस्था भी सांसद की तरफ से की गई है। पूरे अमेठी लोकसभा के दो लाख श्रद्धालुओं को राम लला के दर्शन कराने का लक्ष्य रखा गया है। सांसद स्मृति ईरानी की श्रवण यात्रा पिछले करीब एक महीने से चल रही है, जिसके माध्यम से श्रद्धालु श्रीराम लला का दर्शन करने के लिए जा रहे हैं। कुछ दिन पहले अमेठी दौरे पर आई सांसद स्मृति ईरानी ने वादा किया था कि रामलला विराजमान के बाद फरवरी महीने से अमेठी के लोगों को राम लला का दर्शन करवाएंगी। श्रवण यात्रा के माध्यम से सांसद के निर्देश पर अमेठी के श्रद्धालुओं का रामलला के दर्शन करने का सपना पूरा होने लगा। करीब 25 दिन पहले लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों से 64 बसों में सवार होकर चार हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम जाकर रामलला का दर्शन कर चुके हैं। इसके बाद से दर्शन करने का सिलसिला लगातार जारी है। आज सुबह भी संग्रामपुर ब्लाक के उत्तरागांव के केशवदास का पुरवा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बसों से रामलला का दर्शन करने के लिए रवाना हुए ।इस श्रवण यात्रा में सभी श्रद्धालुओं के रहने और खाने की व्यवस्था भी सांसद के तरफ से की गई है। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि सांसद स्मृति ईरानी की इच्छा पर संसदीय क्षेत्र के लोगों को प्रभु श्रीराम लला के दर्शन के लिए श्रवण यात्रा शुरू की गई है। दो लाख से अधिक लोगों को पहले चरण में दर्शन पूजन कराने की योजना है। गांवों में बसों को भेजकर ऐसे सभी लोगों को अयोध्या धाम भेजा जा रहा है, जो प्रभु श्रीराम का दर्शन-पूजन करना चाहते हैं।

## अयोध्या-प्रयागराज एनएच पर टाटिया नगर पुल का स्लैब टूटा

- रूट वन वे करके शुरू हुई रिपेयरिंग, चार दिन पहले ही रिपेयरिंग करके चालू कराया गया था

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, राम वन गमन मार्ग अयोध्या-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर टाटिया नगर पुल की स्लैब फिर टूट गई। इस पर ट्रैफिक को वन वे कर दिया गया है। तीन दिन पूर्व ही स्लैब रिपेयरिंग के बाद पुल से आवागमन शुरू किया गया था। बता दें कि 15 माह में 6 बार और दस दिन में पुल कि स्लैब दूसरी बार टूटी है। टाटिया नगर पुल पर हजारों हैवी वाहनों का आवागमन प्रतिदिन होता है। इस रूट से जहां अयोध्या और प्रयागराज, गाजीपुर, बलिया और वाराणसी, लखनऊ तक के भारी वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। ऐसे में पुल पर भार अधिक होने के चलते स्लैब क्रैक हो जा रही है। एनएचएआई इसे बार-बार रिपेयर करके चालू कर देता है, लेकिन रिपेयरिंग में मानक को तार-तार किया जा रहा है। स्थिति ये है कि बिना ढलाई किए हुए केवल 3-4 और 6 सूत की सरिया लगाकर ऊपर से डामर का लेपन कर दिया जा रहा है। इससे भी बार-बार समस्या आ रही है। पुल टूटने को लेकर पूर्व में और अभी हाल में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। प्रशासन से मांग की गई कि गुणवत्ता विहीन हुए कार्यों की जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई हो, लेकिन प्रशासन सुनने को तैयार नहीं है।



# राठ में नर्सों पर प्रसव के लिए 2200 लेने का-आरोप

- प्रसूता के ससुर बोले-नर्सों ने कहा कि प्रसव कराना है तो रुपए दो, नहीं तो रेफर कर दूंगी

अमन लेखनी समाचार




राठ, हमीरपुर के राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की नर्सों पर प्रसव के लिए रुपए लेने का आरोप लगा है। परिजनों का आरोप है कि वे अस्पताल लेकर आए तो नर्सों ने 2200 रुपए की मांग की। रुपए नहीं देने पर रेफर करने की धमकी दी। जिसके बाद उन्हें 2200 रुपए देने पड़े। राठ के ओंता निवासी मंगल सिंह ने बताया कि उसकी बहू ज्ञान पत्नी श्याम बिहारी को प्रसव पीड़ा होने पर उसे राठ सीएचसी के महिला प्रसव वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां पर तैनात दोनों नर्सों ने सुरक्षित प्रसव कराने के एवज में उससे 2200 रुपए मांगे। जब उसने गरीबी का हवाला देते हुए 2200 देने में असमर्थता जाहिर की तो दोनों ने साफ तौर पर उसकी बहू ज्ञान को रेफर करने की धमकी दे डाली और कहा कि रुपए तो देने ही पड़ेंगे नहीं तो अपनी बहू को यहां से ले जाओ। उसने मजबूरन 2200 रुपए देकर प्रसव कराया। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक के द्वारा सभी कर्मचारियों को किसी भी सूरत में अवैध वसूली न करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन बावजूद उसके सीएचसी अधीक्षक के आदेश को दरकिनार करते हुए जमकर अवैध वसूली की जा रही है। मामले में राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रकरण की जांच कर दोषी नर्सों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## राठ में घर में घुसकर दबंगों ने महिलाओं को पीटा

- घायल महिला को सीएचसी में कराया गया भर्ती, पुलिस बोली- जांच के बाद होगी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

राठ, राठ के जरिया थाना अंतर्गत इंदरपुरा गांव में लगभग आधा दर्जन दबंगों ने रंजिशन एक मकान में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घटना के बाद घायल हुई महिलाओं को आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

जिसके बाद पीड़ितों ने जरिया थाने में घटना की लिखित तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है। इंदरपुरा निवासी अंजनी पत्नी वीर सिंह ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों ने उसके पति वीर सिंह से झगड़ा करते हुए मारपीट की थी। कुछ समय के बाद ही उसके पति वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए चले गये और घर में वह अपने परिवार की महिलाओं के साथ बैठकर बातचीत कर रही थी इस दौरान गांव का ही दबंग राजकुमार, प्रवेश, करन, जयहिंद, किरसू और सुनील जबरन उसके घर में घुस आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो दबंगों ने लात-घूंसे व लाठियों से उसकी पिटाई शुरू कर दी।



# सुलतानपुर में एसबीआई के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

- जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बैंक के सामने दिया धरना, एसबीआई मुदार्बाद के नारे लगाए

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में कांग्रेस कार्यकताओं ने नगर के बस स्टॉप स्थित एसबीआई बैंक के सामने सड़क पर बैठ गए। कांग्रेसियों ने एसबीआई मुदार्बाद, शर्म करो-शर्म करो और एसबीआई हाय-हाय के नारे लगाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि जिले की समस्त तहसीलों पर एसबीआई बैंक के सामने प्रदर्शन किया गया है। एक ओर कमिश्नर का जिले में दौरा था, जिसको लेकर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने में जुटी थी। इसी बीच कांग्रेसी एसबीआई के खिलाफ सड़क पर उतरे तो पुलिस के हाथ पांव फूल गए। नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय को जैसे ही भनक लगी वह कांग्रेसियों को समझाने पहुंचे, लेकिन सड़क पर प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी सीधे बस स्टॉफ स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा के पास पहुंचे और सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में भाजपा की चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक मानते हुए उस पर रोक लगा दी और एसबीआई को 6 मार्च तक इसे सार्वजनिक करने के लिए निर्देश दिया था, जो एसबीआई नहीं कर रही है।

# ग्रामीणों ने लगाए रोड नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर

**3 हजार की आबादी वाले गांव में आजादी के बाद से नहीं बनी सड़क, कई बार मिल चुका आश्वासन**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे ही ग्रामीणों का विरोध भी बढ़ता जा रहा है। आजादी के बाद से सड़क न बनने से नाराज ग्रामीणों ने गांव के बाहर रोड नहीं तो वोट नहीं का बोर्ड लगाकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि चुनाव के समय नेता वोट मांगने आते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद बाद हमें भूल जाते हैं। पूरा मामला संग्रामपुर ब्लाक क्षेत्र के करनाई गांव का है, जहां ग्राम पंचायत के लोगों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि 3 हजार की आबादी वाले गांव का संपर्क मार्ग आजादी के बाद अब तक नहीं बन पाया है। कच्ची सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। चुनाव के दौरान वोट मांगने आने वाले नेता सड़क निर्माण का वादा करते हैं, लेकिन जीतने के बाद वे हमें भूल जाते हैं। संग्रामपुर के ग्राम पंचायत करनाई के शिवपुर और प्रतापनगर गांव में आजादी के सात दशक बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। सड़क बनवाने के लिए ग्रामीणों ने कई बार प्रदर्शन भी किया जिसके बाद ग्रामीणों को आश्वासन तो मिला लेकिन आज तक गांव में सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। थक-हारकर बीते एक साल पहले कुछ दूरी पर ग्रामीणों द्वारा चन्दा लगाकर दस ट्राली ईंट मंगाकर श्रमदान के जरिये कच्ची सड़क पर ईंटो को बिछाकर सड़क पर चलने लायक बनाया था। शिवपुर व प्रतापनगर गांव में सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जबकि इस गांव की दूरी ब्लॉक मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर है। दोनों गांव के लोग बड़ी संख्या में खेती करते हैं। अपनी सब्जियों को मंडी तक पहुंचाने में भी किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नेताओं की उदासीनता को देखते हुए गांव के लोगों ने गांव में जगह-जगह 'सड़क नहीं तो वोट नहीं' का बैनर-पोस्टर लगा दिया है। उनका कहना है कि अगर हमारे लिए एक रोड नहीं बन सकता है तो फिर वोट देने का क्या फायदा। गांव में अगर रोड नहीं बनता है तो हम किसी को वोट नहीं करेंगे।

हम इस चुनाव का पूरी तरीके बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि इसे लेकर हम डीएम और चुनाव आयोग को भी पत्र भेजेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय प्रतिनिधियों से समय-समय पर इस रोड के जीर्णोद्धार को लेकर मांग की गई लेकिन किसी ने भी इस मार्ग के बनवाने की दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया।

# अमरोहा में क्षेत्र पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या

- सूखे पड़े तालाब में मिला शव, बथेर्डे पार्टी से लौट रहे थे

अमन लेखनी समाचार




हसनपुर, अमरोहा में बीती देर रात क्षेत्र पंचायत सदस्य की कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव गांव से कुछ दूरी पर उसके ही गेहूं के खेत के नजदीक सूखे तालाब में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका निवासी 40 वर्षीय सतपाल पुत्र खानचंद खड़गवंशी क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। गुरुवार की सुबह उनका शव गांव से कुछ दूरी पर उनके ही गेहूं के खेत के नजदीक स्थित सूखे पड़े तालाब में पड़ा मिला। आसपास खून बिखरा पड़ा था। उनकी कनपटी के नीचे गोली मारकर हत्या की गई है। इसके बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर आसपास के गांव के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाल सनोज प्रताप सिंह अपराध निरीक्षक जितेंद्र बालियान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही धनोरा पुलिस क्षेत्र अधिकारी श्वेताभ भास्कर भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेजा है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# अमरोहा में कुत्तों ने 4 साल की बच्ची को नोचा

**पूरी बॉडी पर नोचने के निशान, गंभीर हालत में दिल्ली रेफर, 4 दिन में आवारा कुत्तों का दूरा अटैक**

अमन लेखनी समाचार




अमरोहा, अमरोहा में आवारा कुत्तों का आतंक बरकरार है। तीन दिन पहले ही आवारा कुत्तों के एक झुंड ने आठ साल के मासूम को नोचकर मार डाला था। घटना के वक्त बालक खेत से अकेला घर लौट रहा था। लेकिन अब फिर से आवारा कुत्तों के झुंड ने परचून की दुकान से सामान लेने जा रही चार साल की मासूम बच्ची पर अटैक कर दिया। बच्ची के शरीर पर कई जगह गहरे जख्म हुए हैं। गंभीर हालत में बच्ची को दिल्ली रेफर किया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। दरअसल, यह घटना रजबपुर थाना इलाके के गांव जबपुर की है। गांव में जमशेद का परिवार रहता है। बुधवार को जमशेद की चार वर्षीय बेटी जारा गांव की परचून की दुकान से सामान लेने जा रही थी। उसी दौरान गली में खड़े आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बच्ची के शोर शराबे की आवाज सुनकर आसपास खड़े लोग हाथों ने लाठी डंडे लेकर दौड़े और बच्ची को आवारा कुत्तों के झुंड से बमुश्किल छुड़ाया।

# अमरोहा में बस में लगी आग

- बस में सवार 35 शिवभक्तों ने कूदकर बचाई जान, हरिद्वार से जल लेने जा रहे थे

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा में शिव भक्तों की एक बस में भयंकर आग लग गई। आग लगने का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें बस में धूं धूंकर आग की लपटें उठती दिख रही हैं। बताया जा रहा है कि गांव से लगभग 35 शिव भक्त हरिद्वार से गंगा जल लेने जा रहे थे। लेकिन गांव से निकलते ही बस में आग लग गई। हालांकि धुआं उठते ही सभी शिव भक्त बस से बाहर निकल आए, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। उधर, शिव भक्तों ने दमकल की गाड़ी को मौके पर जल्द न आने का आरोप लगाया है। बस का चालक फरार है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच पड़ताल किए जाने की बात कह रही है। यह पूरा मामला मंडी धनौरा थाना इलाके के गांव बलीपुर का है। बताया जा रहा है कि बीती बुधवार की रात्रि गांव के शिव भक्त शिवरात्रि पर भगवान शिव का गंगा जल से अभिषेक करने के लिए हरिद्वार गंगा जल लेने जा रहे थे। सभी शिव भक्तों ने हरिद्वार जाने के लिए एक बस बुक की थी। बस में करीब 35 शिव भक्त थे। जो सभी गंगा जल लेने के लिए हरिद्वार जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही बस शिव भक्तों को लेकर गांव से बाहर निकली, तभी बस से धुआं उठने लगा। धुआं उठते ही बस में अफरा तफरी मच गई। सभी शिव भक्त बस से बाहर निकल आए और कुछ ही देर में बस में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी बस में आग की लपटें धूं धूं कर उठने लगी। बस में आग लगने का एक वीडियो भी सामने आया है।

# संक्षेप

## चोरी करने के आरोप में दो अभियुक्त गिरफ्तार

### कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी को मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष गोला अवधेश चन्द मिश्र के नेतृत्व में उ0नि0 फुलिन्दर यादव मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 52/2024 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त 1. विपिन कुमार पुत्र मोतीलाल हरिजन निवासी पिपरी बुजुर्ग थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर, हाल पता चिकनिया थाना गोला जनपद गोरखपुर 2. राज पुत्र रामजतन हरिजन निवासी कोडारी थाना बड़हलंज जनपद गोरखपुर को किया गया । कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया गया ।

## तेज डंफर ने स्कूटी सवार युवक को उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के ललौली थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदा सागर मार्ग पर मुत्तौर गांव के निकट कल सुबह पहर ओवरलोड डंफर ने एक स्कूटी सवारी युवक को भीषण टक्कर मार दी मौके पर मौजूद लोगों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार डंफर गाड़ी ओवरलोड थी जो बांदा जनपद की तरफ से फतेहपुर की ओर आ रहा था इसी समय मुत्तौर गांव के निकट स्कूटी में सवार युवक रिजवान को डंपर चालक ने टक्कर मारते हुए रौंद दिया जहां टायरों के नीचे दबे युवक का शरीर दो भागों में बट गया घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया वही मुख्य मार्ग पर जाम लगाने का परिजनों ने प्रयास किया जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची तथा अथक प्रयास के बाद जाम खोला गया वहीं ललौली थाना प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए फतेहपुर भेजा

## किनौनी में दलित समाज के कुएं को दबंगों ने कब्जाया

### लोगों में रोष, उप जिलाधिकारी से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग

सरधना, किनौनी गांव में कुछ दबंगों ने दलित समाज के पुश्तैनी पुराने कुएं पर अवैध निर्माण कर परिसर में कब्जा कर लिया है। इसे लेकर दलित समाज के परेशान लोगों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। पीड़ितों का आरोप है कि पूर्व में भी दबंग दलित समाज के लोगों को डरा धमकाकर उक्त कुएं पर अवैध कब्जा करने के लिए लगे हुए हैं लेकिन बार-बार की शिकायत के बाद भी पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर पाई है। इसे लेकर दलित समाज के लोगों में भारी रोष बना हुआ है।

# आईटीएम के वार्षिक उत्सव परम्परा -2024 का हुआ रंगारंग आगाज

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। आईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूसन्स , गीडा, गोरखपुर में अप्रैल माह में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक, तकनीकी एवं खेलकूद महोत्सव परंपरा -2024 का शुभारम्भ संस्थान के सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल एवं निदेशक डॉ एन के सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया इस बार परम्परा -2024 का थीम भारतीय प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर हैं और कार्यक्रम के शुभांकर का नाम जायस हैं कार्यक्रम का शुभारम्भ पारंपरिक रूप से गणेश वंदना के साथ शुरू किया गया और इसके बाद संस्थान के छात्रों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों कि प्रस्तुत किया गयो इस अवसर पर सेलिब्रेटी गायक सलमान ने अपने गीतों से शमां बांधा और कार्यक्रम मे मौजूद लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ एन के सिंह ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव एवं दीक्षांत समारोह परंपरा-2024 का आयोजन 11-13 अप्रैल के बीच होगा। परम्परा -2024 के समन्यवक डॉ मनोज कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिन आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम मे सांस्कृतिक कार्यक्रम मे एकल गायन, युगल गीत, डांस, मेहंदी प्रतियोगिता, नाटक, हास्य, कविता,रंगोली, रामचरित मानस पर आधारित प्रतियोगिता, सांस्कृतिक अंताक्षरी, फ्लॉवर पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, फिल्मिस्तान, फेस पेंटिंग, टीशर्ट पेंटिंग, डम्बशराड तकनीकी गेम( विवेका ) मे रोबो रेस, रोबोवार, आईडिया प्रेजेंटेशन, ब्रीजकृति, वेबसाइट डेवलपिंग, एप्लीकेशन डेवलपमेंट, कॉल ऑफ ड्यूटी, डिबगिंग, शार्क टैंक, नीड फॉर स्पीड, ऐड प्रो एवं खेलकूद( स्पर्धा ) मे वॉलीबाल, बैडमिंटन, 100 मीटर रेस, चेस, टेबल टेनिस, फुटबॉल, बास्केटबॉल,लंबी कूद, ऊँची कूद, डिस्क थ्रोआदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जायेगा। इन सभी प्रतियोगताओं मे कॉलेज के छात्र-छात्राओं के अलावा दूसरे कॉलेज के भी छात्र -छात्राएं प्रतिभाग कर सकते हैं। सभी प्रतियोगिताओ मे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। 11-13 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम मे मशहूर कॉमेडियन राजन श्रीवास्तव , ईडीएम नाईट मे बैंड ऑफ जैमर्स गुरप्रीत गिल, पूजा ठाकरे एंड बैंड, एबीके बाली फेम डीजे कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के केंद्र होंगे। इस प्रतियोगिता मे प्रतिदिन आईटीएम सही विभिन्न कॉलेजो से लगभग पांच हजार छात्र -छात्राएं प्रतिभाग करने की उम्मीद हैं। कार्यक्रम का संचालन शालिनी सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर फामेर्सी के निदेशक डॉ पी डी पंडा, डॉ नरेन्द्र सिंह, डॉ आर पी सिंह, डॉ निधि गुप्ता, डॉ ए आर त्रिपाठी,डॉ आर एल श्रीवास्तव,विनीत राय, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ आशुतोष पाण्डेय, दीप्ति ओझा, श्वेता सिंह, प्रदीप चौधरी, डॉ अलका श्रीवास्तव,ए के सिन्हा, सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं समस्त छात्र -छात्राएं मौजूद रही।

# योग से स्वस्थ होकर वर्ष में तीन बार नारी शक्ति द्वारा रक्तदान - आभा सिंह

## योग से तन और मन होगा तंदरुस्त - योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। जिले में पिछले डेढ़ वर्षो से ओम फिटनेस योग संस्थान द्वारा चल रहे विभिन्न पार्कों में निशुल्क योग कक्षा से जुड़कर लाभ ले रही वीरांगना नारी शक्ति आभा सिंह ने योग से अपनी मानसिक तनाव , अनिद्रा , बैचैनी की दवा बंद कर व सबसे बड़ी बात मोटापा पच्चीस किलो वजन घटा कर एक वर्ष में तीन बार दूसरो के स्वास्थ्य जीवन के लिए रक्तदान कर महिलाओं को दिव्य संदेश देने का कार्य कर रही। ये बताती हैं कि मैं पिछले आठ वर्षो से दस से बारह किलोमीटर पैदल दूरी तय करती थी लेकिन उन्हें कोई फायदा नही मिला फिर उन्हे एक दिन निशुल्क योग की जानकारी मिली और तबसे जुड़कर योग से लाभ ले रही और दुसरो तक योग गुरु योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति जी के दिव्य संकल्पो को पर्चा द्वारा प्रसारित करने का सेवाकार्य भी कर रही हैं। ओम फिटनेस योग संस्थान के योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति द्वारा चल रहे योग क्लास से काफी लोग जुड़कर लाभ ले रहे हैं वो बताते हैं पिछले डेढ़ वर्षो में जितने भी लोग आए कोई निराश होकर नही लौटा है और सभी की समस्याओं को दूर कर रहे और उनकी दवाइयों की डोज भी कम करा रहे हैं लगभग ग्यारह सौ से अधिक लोग जुड़कर लाभ ले चुके हैं और अभी वर्तमान में सैकड़ों साधक उनके साथ जुड़कर ब्रह्म मुहूर्त से अभ्यास कर रहे हैं।

# कौशल विकास द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं को मोबाइल फोन दिया गया

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र के सामुदायिक भवन मल्हीपुर में भारत सरकार की महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत कौशल विकास मिशन के तहत सिलाई,कढ़ाई,बुनाई आदि की तकनीकी शिक्षा देने के बाद महिलाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने के क्रम में कौशल विकास से प्रशिक्षित महिलाओं को स्मार्टफोन देकर सरकार द्वारा उनके विकास में एक और तार




जोड़ने का कार्य किया गया। जिसके तहत कुल 108 प्रशिक्षित महिलाओ बीच मोबाइल फोन का वितरण किया गया। ग्राम प्रधान उमेश पाण्डेय ने कहा कि इस कार्य से महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रशिक्षित की गई महिलायों को जागरूक और स्मार्ट बनाने का बेहतर प्रयास हुआ है ।उक्त अवसर आकाश गुप्त,विजय प्रताप सिंह( पेड़ा सिंह ) ,विश्वास सिंह,सचिन पाण्डेय,सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सहजनवां मे अनैतिक देह व्यापार मे लिप्त रेस्टोरेंट संचालक गिरफ्तार

## होटल व रेस्टोरेंट के नाम पर हो रहा अनैतिक गोरख धंधा

### गीडा सेक्टर 22 में कुकुरमुत्ते की तरह देखे जा रहे होटल व रेस्टोरेंट

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत क्षेत्र के गीडा स्थित सेक्टर 22 में आए दिनों होटल एवं रेस्टोरेंटों का संख्या बढ़ता जा रहा है होटल व्यवसाईयों द्वारा सरकार के मानक की धज्जियां उड़ाते हुए कुकुरमुत्ते की तरह गली-गली में होटल और रेस्टोरेंट का कारोबार जोरों पर दिखाई दे रहा है होटल में मानक के हिसाब से पूरी व्यवस्था भी नहीं की जा रही है और होटल में दिए जा रहे कमरों का रेट भी काफी लंबा चार्ज है और होटल में कमरा देने के नाम पर अनैतिक धंधे भी देखने को मिल रहा है सहजनवा थाना क्षेत्र के भीटी रावत चौराहे पर चल रहे ग्रीन कैफे रेस्टोरेंट पर अनैतिक गोरख धंधे का पुलिस ने खुलासा किया गया वही सहजनवां पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर सी ओ गीडा अनुराग सिंह के मार्गदर्शन में उक्त रेस्टोरेंट पर कार्यवाही की गई तो मौके पर दो युवक व दो युवतियों को पकड़ा गया वही सहजनवां पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक समेत धंधे में लिप्त लोगों पर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया ।वही इस कार्यवाही से तहसील क्षेत्र में होटलों व रेस्टोरेंट पर अनैतिक धंधे को लेकर काफी हड़कम्प मचा हुआ है ।वही सेक्टर 22 में चल रहे होटल के कोई मानक किसी प्रकार का कोई मानक पूरा नहीं किया जा रहा है और आए दिन होटल की संख्या बढ़ती जा रही है जिस पर सभी जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं होटल पर दिन में 2 घंटे का चार्ज लगभग ?2000 रखा जाता है कुछ होटल को छोड़कर अन्य होटल के पास सरकार के द्वारा जारी किए गए लाइसेंस व कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जिसका रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है जिसमें लाइसेंस एवं अन्य डॉक्यूमेंट बनवाना जरूरी है जिसमें बिल्डिंग बनाने का परमिशन ,हायर सेफ्टी परमिट, बार रजिस्ट्रेशन फूड बिजनेस रजिस्ट्रेशन, जीएसटी रजिस्ट्रेशन होटल बिजनेस रजिस्ट्रेशन ,पुलिस लाइसेंस रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है और होटल खोलने के लिए इन सभी कागजी कार्रवाई जरूरत पड़ती है और होटल के रूम में सोफा, टीवी ,टेलीफोन वाई-फाई कनेक्टिविटी ,व नॉन एसी रूम बाथरूम के सभी सामान, किचन के सामान रूम के आवश्यक सामान होना आवश्यक है होटल में लॉन, हाल, गार्डन और पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए होटल खोलने के पहले अपनी नजदीकी पुलिस स्टेशन में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है जिससे आपको होटल संचालन करने की अनुमति मिल सके होटल पंजीकरण के लिए ऑनलाइन व्यवस्थाएं होती हैं जिसमें इन सभी डॉक्यूमेंट की जरुरत होती हैं। लेकिन सहजनवा तहसील क्षेत्र के गीडा सेक्टर22 स्थित होटल व्यवसाईयों द्वारा खुले आम मानक की धज्जियां उड़ाते हुए होटल का संचालन किया जा रहा है तथा होटल और रेस्टोरेंट के नाम पर तमाम तरह के अनैतिक धंधों का संचालन भी किया जा रहा है और बढ़ावा भी दिया जा रहा है ग्राहकों को कमरा उपलब्ध कराने के बाद उनके मनचाहे ख्वाहिशों को होटल कारोबारी द्वारा पूरा किया जाता है और मुंह मांगी रकम भी ली जाती है और सुबह से लेकर शाम तक इन होटलों के अगल-बगल की गालियों में युवक एवं युवतियों के आने जाने से गुलजार होना शुरू हो जाता है। और होटल की रौनक बढ़ जाती है इस गोरख धंधों में होटल व्यवसायी पूरी तरह से लिप्त नजर आते है वही जिम्मेदार पूरी तरह से मुख दर्शक बने हुए हैं ।उक्त संदर्भ में सी ओ गीडा अनुराग सिंह ने कहा कि छेत्र मे संचालित हो रहे होटलों व रेस्टोरेंट पर होने वाले सभी गतिविधियों पर प्रशासन की नजर हैं इस तरह के गोरख धंधे में लिप्त लोगो पर जल्द कार्यवाही किया जायेगा।

# ब्लॉक स्तर में आयोजित हुई उन्मुखीकरण बैठक

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के देवमई विकासखंड अंतर्गत क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक ग्राम प्रधान तथा प्रबंध समिति के अध्यक्षों की उन्मुखीकरण बैठक कार्यक्रम आयोजित हुई कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा महामंत्री योगेंद्र सिंह चौहान तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव सिंह यादव द्वारा किया गया विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान की आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के सभी प्राथमिक उच्च प्राथमिक तथा परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प के विषय में विस्तृत चर्चा की गई जहां एआरपी ललित उमराव सुनील कुमार आदि ने सभी शिक्षकों को कायाकल्प के विषय में तथा उनके कर्तव्य कार्यों को विस्तृत रूप से अवगत कराया कार्यक्रम में मौजूद कई शिक्षकों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखी जहां एल एलएफ के परविंदर सिंह चौहान ने सभी की समस्याओं का निवारण किया बैठक कार्यक्रम में मौजूद केसरीपुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक दिनेश सिंह होलापुर से रामनरेश कपरिया ऊसर से सुष्मिता आदि सभी शिक्षकों ने विद्यालयों को निपुण बनाने हेतु अपने-अपने अनुभव व्यक्त किया इस मौके पर शिक्षक फैजान अहमद समर सिंह अरुण सिंह सुचिता त्रिपाठी कंचन वर्मा दिनेश सिंह पंकज तिवारी अमन दीक्षित वेद प्रकाश सिंह राजेश पटेल तथा प्रधानाध्यापिका पूनम अवस्थी समेत भारी संख्या में ग्राम प्रधान प्रबंध समिति के अध्यक्ष तथा शिक्षक गण मौजूद रहे

# जनपद में सम्मानित हुए निपुण विद्यालयों के शिक्षक

## प्रशस्ति पत्र देते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापको के सराहनीय कार्यो की किया प्रशंसा

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला




फतेहपुर। जनपद में निपुण भारत मिशन को उच्च स्तर तक पहुंचाने वाले सभी शिक्षकों का सम्मान समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया जनपद की प्रेक्षा ग्रह में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया सम्मान समारोह कार्यक्रम अंतर्गत जनपद के बहुआ ऐराया तेलियानी भिटौरा मलवा देवमई अमौली समेत सभी 13 विकास खण्डों के शिक्षक गणों ने शिरकत प्रदान की पूर्व काल में निर्धारित सर्वे के आधार पर जनपद के लगभग 250 घोषित निपुण प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा कार्यवाहक प्रधानाध्यापको को बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया सम्मान समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शिक्षकों को आगामी चुनाव के मतदान की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में मौजूद कई शिक्षकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया वही जनपद के अनेक क्षेत्रों के साथ-साथ अमौली विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय तारापुर बाबूपुर समेत कई विद्यालयों की उत्कृष्ट शिक्षा एवं शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पित भाव को देखते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिम्मेदार शिक्षकों प्रधानाध्यापकों की जमकर प्रशंसा की इस मौके पर जिला विकास अधिकारी एआरपी अरविंद सिंह आशीष त्रिवेदी एवं एस आर जी राधेश्याम दीक्षित जयचंद्र पाण्डेय शिक्षक कल्पना अंबे लीना रुचि मीनाक्षी रश्मि उत्तम लता उत्तम रोहित सर्वेश अवस्थी ( बाबूपुर ) मनीष शुक्ला प्राथमिक विद्यालय ( तारापुर )समेत भारी संख्या में शिक्षक गण मौजूद रहे

# दिल्ली रेपिड मेट्रो में नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी

- पीड़ित बोला- 1.55 लाख लेकर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दिया, रुपए मांगने पर पीटा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ से दिल्ली रेपिड मेट्रो में नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। बुधवार को सहारनपुर से एसएसपी ऑफिस पहुंचे 11 लोगों ने सिवालखास के एक युवक पर लाखों रुपए की ठगी करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि जब पीड़ित आरोपी से अपने रुपए मांगने पहुंचे तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित युवकों ने एसएसपी से न्याय मांगा है। एसएसपी ने पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है। सहारनपुर के रहने वाले हरभजन सिंह पुत्र रमेश चन्द ने एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह दिल्ली मेट्रो स्टेशन मयूर विहार में नौकरी करता था। तभी हरभजन की मुलाकात जानी थाना क्षेत्र स्थित सिवाल खास निवासी इमरान से हो गई। इमरान मयूर विहार मेट्रो स्टेशन पर टोकन बांटने का काम करता था। इमरान ने हरभजन को अपने झांसे में लेकर मेट्रो स्टेशन पर ही कुछ नौकरियां खाली होने की बात कही और कहा कि तुम्हारा कोई रिश्तेदार व जान-पहचान का हो तो मैं उसकी नौकरी लगवा दूंगा। जिसके बाद हरभजन ने इमरान से अपने भाई और जानकार की नौकरी लगाने की बात कही। इस दौरान आरोपी इमरान ने एनसीआरटीसी मेरठ मेट्रो कॉरिडोर में बड़े अधिकारियो से अच्छे सम्बन्ध बताकर हरभजन को अपने रोब में लेकर हर एक लाख 55 हजार रुपए ले लिए। इस दौरान इमरान ने हरभजन और उसके भाई को फर्जी गूगल पर रजिस्ट्रेशन करके दिखा दिया। इसके बाद हरभजन ने अपने रिश्तेदारों से भी इमरान को रुपए दिला दिए। जब इमरान के पास रुपए पहुंच गए तो इमरान ने फोन बंद कर दिया। इसके बाद हरभजन सिवाल खास स्थित इमरान के घर पहुंच गया

# राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान निदेशक ने मोहनलाल सुमन को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा ,झांसी। जनपद के ब्लॉक गुरसरांय के कंपोजिट विद्यालय राजापुर में कार्यरत नवाचारी शिक्षक मोहनलाल सुमन को प्रयागराज में हुई एक दिवसीय टीएलएम एवं पुस्तिका ₹शिक्षण अधिगम संगम₹ के विमोचन कार्यशाला में राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान( सीमैट )के डायरेक्टर दिनेश सिंह , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर गोरखनाथ पटेल ने प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया पुस्तिका शिक्षण अधिगम संगम में मोहनलाल सुमन के नवाचार ₹चंद्रयान - 3₹ के मॉडल को सम्मिलित किया गया है राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान में हुई कार्यशाला में प्रदेश भर से 100 शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया कार्यशाला में मोहनलाल सुमन के द्वारा बनाई गई रंगोली की सभी ने सराहना की साथ मोहनलाल सुमन के नवाचार चंद्रयान 3 के मॉडल एवं 200 रुपए में बनाए गए प्रोजेक्टर को सभी ने सराहा ।कार्यशाला में पुस्तिका शिक्षण अधिगम संगम की प्रदान संपादक फातिमा बानो के साथ सभी सह संपादक प्रेम कुमार वर्मा, सैयद बाहर आलम, अब्दुर्रहमान, डॉ सुरेंद्र प्रताप, सुनील कुमार सरोज, सीरत नसीम वास्ति, रेखा सिंह ,गरिमा त्रिपाठी, संतोष कुमार खरे , कमलेश पांडेय, श्रवण कुमार गुप्ता, रूपा कनौजिया,सुमन लता, सविता पांडेय,आकांक्षा सिंह,हेमलता गुप्ता, ममता विश्वकर्मा, अंजली मिश्रा,चंपा शर्मा, नीलिमा सिंह,सलमा खान,जटाशंकर यादव, नेहा तुलस्यान, ममता,शालिनी कुशवाहा,अर्चना कुमारी,जाहिदा बानो,सुप्रिया निगम,एखलाख हुसैन, रश्मि मिश्रा, शोभी वर्मा, भुवनेश कुमारी, वंदना श्रीवास्तव, इला सिंह, वरेश कुमार, अनिता उपाध्याय,अफरोज खातून, पारुल, श्वेता सिंह, दुर्गावती मिश्रा आदि पुस्तिका में अपने नवाचार देने वाले सभी नवाचारी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही। मोहनलाल सुमन की उपलब्धि पर खण्ड शिक्षा अधिकारी गुरसरांय मनोज कुमार लाक्षाकार ने बधाई दी।

# महा-शिवरात्रि मेले में पहले दिन उमड़ा कांवड़ियों का हुजूम

- 6 महीने के बच्चे को लेकर पहुंची एक महिला, सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, अनूपशहर में महाशिवरात्रि मेले के पहले दिन ही कांवड़ियों का सैलाब उमड़ पड़ा। कांवड़िया भगवान शिव की भक्ति में डूबे हुए हैं। महिला कावड़िया अपने 6 माह के बच्चे को लेकर कावड़ यात्रा पर निकली है। महिला की शिव भक्ति को देख लोग तारीफ कर रहे हैं। बड़ी संख्या में कावड़ यात्री जल भरने के लिए पहुंच रहे हैं। बुधवार देर शाम के बाद मेले में भीड़ बढ़नी प्रारंभ हो गई। अहार और अनूपशहर में तीन दिवसीय महा शिवरात्रि मेले के दौरान करीब दो लाख से ऊपर कांवड़ियों के आने की उम्मीद है। अनूपशहर के टाउन स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं प्रसाद ग्रहण कर रहे है। भंडारे से जुड़े लोगों ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में कावड़ियों के लिए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मेडिकल कैंप आदि की भी सुविधा उपलब्ध है। कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर सीओ, एसडीएम अपने अधीनस्थ के साथ हर रोज कांवड़ मार्ग व मेला क्षेत्र का भ्रमण कर रहे है।

# स्थानीय प्रत्याशी की मांग को लेकर अटल भवन बलरामपुर पर लोगों ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



बलरामपुर। भाजपा के बाहरी प्रत्याशी के विरोध में शुक्रवार को पार्टी कार्यालय अटल भवन पर लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिस पर पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह लोकसभा संचालन समिति की बैठक अंदर कर रहे थे। उसी दौरान लोग बाहरी प्रत्याशी बाहर जाओ। योगी मोदी से बैर नहीं, बाहरी प्रत्याशी का खैर नहीं।जैसे नारे लगा रहे थे।स्थिति को भांपकर पार्टी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कार्यालय पर पुलिस फोर्स बुला ली।प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाने के लिए पुलिस प्रशासन को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी।

शनिवार को दुग्ध एवं पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर आए थे। उनके यहां पहुंचने के पूर्व ही भाजपा कार्यालय अटल भवन पर सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे। आम जनमानस पार्टी द्वारा घोषित बाहरी प्रत्याशी साकेत मिश्र का विरोध कर रहे थे। लोगों का कहना था कि उन्हें बाहरी प्रत्याशी नहीं चाहिए।उनके यहां योग्य एवं लोकप्रिय प्रत्याशी पहले से था। लोगों का आरोप था कि बाहरी लोग यहां आकर चुनाव जीतकर चले जाते हैं वे पांच साल जनता की सुधि लेने नहीं आते हैं।कई संगठन के नेता व प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विरोध करते हुए अटल भवन पर जोरदार प्रदर्शन किया। लोग मंत्री धर्मपाल सिंह को ज्ञापन देना चाह रहे थे। पार्टी कार्यालय के बाहर भीड़ देखकर भाजपा के जिला नेतृत्व के हाथ पांव फूल गए। क्योंकि बैठक में भाजपा प्रत्याशी भी मौजूद थे। आनन-फानन में जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने पुलिस फोर्स बुला ली।पुलिस प्रशासन के पहुंचने के बाद आक्रोशित लोगों को हटाने के लिए प्रशासन को भारी मशक्कत करनी पड़ी।लोगों का कहना था कि वे लोग पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। पार्टी नेतृत्व का निर्णय आहत करने वाला है। अगर नेतृत्व टिकट पर पुनर्विचार नहीं करता है तो वे लोग नोटा का बटन दबाकर विरोध करेंगे। प्रदर्शन के दौरान भाजपा युवा मोर्चा के सरदार समप्रीत सिंह, भाजयुमो महामंत्री आकाश मिश्रा, बूथ अध्यक्ष रिंकू सिंह, मंडल अध्यक्ष अरविंद तिवारी, राकेश गुप्ता, शिवम यादव, अंकित पासवान, पारसनाथ यादव, सुधीर शुक्ला, अनुरुद्ध मौर्या, कृष्ण कुमार गुप्ता, बालेन्द्र श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, अखिल मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी के मण्डल अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक सहित कार्यकर्तागण मौजूद थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख पचास हजार से अधिक मुकदमों का किया निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली,राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी परिसर रायबरेली में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन तरुण सक्सेना माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश के द्वारा दीप प्रज्जवलन व देवी सरस्वती के चित्र पर पुष्प चढ़ा करके किया गया। जिला जज द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि न्याय व्यवस्था में वादकारियों का हित सर्वोच्च होता है। वादकारियों के मध्य सुलह-समझौते के आधार पर लम्बित मामलों को निपटाने व आमजन को सुलभ व सुगम न्याय उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज उमाशंकर कहार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख पचास हजार से अधिक मुकदमे निपटाये गये तथा बारह करोड़ एक लाख छप्पन हजार तीन सौ तीस रुपये तिरासी पैसे की धनराशि पर सुलह-समझौता के आधार पर मामले निस्तारित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको व फाइनेन्स कम्पनियों के प्री-लिटिगेशन स्तर पर मामले निस्तारित कराये गये तथा मौके पर ही समझौते कराये गये।इस लोक अदालत में अन्य मामलों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ई-चालान के मामले, चेक बाउंस (एन0आई0एक्ट) के मामले तथा वैवाहिक विवाद के मामले निस्तारित किये गये।तलाक के मुहाने पर खड़े कई जोड़ों का सुलह-समझौता कराकर वापस भेजा गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला कारागार रायबरेली में बंदियों द्वारा बनाई गई सामग्री की प्रदर्शनी दीवानी न्यायालय में प्रदर्शित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा उपरोक्त स्टाल से रु0 9,809.00/- (नौ हजार आठ सौ नौ रुपये मात्र) का समान भी खरीदा गया। आमजन की सहायता के लिए न्यायालय परिसर में कई जगह सहायता पटल व हेल्प डेस्क बनाये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में आने वाले सभी व्यक्तियों के हैण्ड सैनिटाइजेशन व मास्क की व्यवस्था की गयी थी। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय डा0 अनुपमा गोपाल निगम, चेयरमैन-मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण महेन्द्र नाथ, अपर प्रधान न्यायाधीश चन्द्रमणि मिश्रा, विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 त्रिपुरारी मिश्रा, प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश सतीश कुमार त्रिपाठी, अपर जिला जज विद्याभूषण पाण्डेय (नोडल अधिकारी,राष्ट्रीय लोक अदालत), मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह व अन्य न्यायिक अधिकारीगण व विभिन्न बैंक के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# बाइक सवार को चार पहिया ने मारी टक्कर बाइक सवार की हुई, मौत

बबेरू/बांदा। बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत टोलाकला गांव में बाइक सवार को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं चार पहिया वाहन में सवार दो लोग घायल हो गए, जिनको जिला अस्पताल इलाज हेतु भेजा गया है। बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत कौहारा गांव का रहने वाला बुद्ध विलास पुत्र रामदयाल वर्मा उम्र करीब 24 वर्ष यह शुक्रवार को बाइक द्वारा अपने गांव जा रहा था। तभी सामने से आ रही तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने बाइक सवार बुद्ध विलास को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार बुद्ध विलास की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं चार पहिया वाहन में सवार दो लोग घायल हो गए, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल इलाज हेतु भेजा गया है। वहीं मृतक बुद्ध विलास के परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुलवाया, जहां मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ

**तीन थीमों के साथ मानेगा पोषण पखवाड़ा**

**पहली थीम है – पोषण भी पढ़ाई भी'**

**दूसरी थीम है – पोषण के दृष्टिगत जनजातीय, पारंपरिक एवं क्षेत्रीय पद्धतियों का उपयोग केंद्रित संवेदीकरण**

**तीसरी थीम – गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य और शिशुओं एवं छोटे बच्चों का आहार**

**पुस्तिका मेरी आंगनबाड़ी का विमोचन**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, नौ से 23 मार्च तक चलने वाले ₹पोषण पखवारे₹ का शुभारंभ शनिवार को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान तथा एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अधिकारी अजय जैन द्वारा किया गया। शुभारंभ के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को ₹पोषण पखवाड़ा₹ से संबंधित तीन थीमों पर विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी से कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं को व्यक्तिगत रूप से सहयोग देकर तन्मयता से लगन के साथ काम करने को प्रेरित व उत्साहित करें तथा इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकताओं को लर्निंग कॉर्नर बनाने से संबंधित ₹मेरी आंगनबाड़ी पुस्तिका₹ का विमोचन किया। यह पुस्तिका आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के सीखने से संबंधित भौतिक वातावरण तैयार करने व उसके महत्व पर आधारित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार द्वारा ₹पोषण पखवाड़ा₹ के अंतर्गत 'पोषण संवाद' में चर्चा के दौरान तीनों थीम पर आधारित गतिविधियों के सफल आयोजन और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के मानकों पर सभी की समझ मजबूत बनाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि तीन थीमों के साथ पोषण पखवारा मनेगा।

पहली थीम है - पोषण भी पढ़ाई भी', दूसरी थीम है - पोषण के दृष्टिगत जनजातीय, पारंपरिक एवं क्षेत्रीय पद्धतियों का उपयोग केंद्रित संवेदीकरण और तीसरी थीम है - गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य और शिशुओं एवं छोटे बच्चों का आहार। एचसीएल फाउंडेशन के विनीत कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ के 500 आंगनबाड़ी केंद्रों में क्रिया कलाप से बालशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। ₹पोषण पखवाड़ा₹ की पहली थीम 'पोषण भी पढ़ाई भी' के तहत लखनऊ की 500 आंगनबाड़ी कार्यकताओं को लर्निंग कार्नर बनाने पर आधारित ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही 20 आंगनबाड़ी केन्द्रों को शालापूर्व शिक्षा की दिशा में मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। सेन्टर फॉर लर्निंग रिसोर्सेज से अनुज दुबे ने आंगनबाड़ी केंद्रों में लर्निंग कार्नर को किस तरह से आसानी से बनाया जा सकता है तथा उससे होने वाले फायदों पर सभी की समझ बनाने का प्रयास किया। इस मौके पर यूनिसेफ से अनीता तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी सीमांत श्रीवास्तव, जय प्रताप सिंह, विजय तिवारी, दिलीप सिंह मौजूद रहे।

# साइबर सेल की टीम का सराहनीय कार्य, खोए हुए दो मोबाइलों को किया बरामद



अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा ,झांसी। गरौठा सर्किल के थाना ककरवई में 'साइबर सेल' की टीम द्वारा लगातार सराहनीय कार्य किया जा रहा है।उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर थाना ककरवई में साइबर सेल की एक टीम का गठन किया गया है जिसमें उप निरीक्षक बाबूराम को टीम प्रभारी व कांस्टेबल सुनील कुमार, आशीष यादव व महिला कांस्टेबल आरती पाल को साइबर सेल कर्मी नियुक्त गया। थाना अध्यक्ष कौशल किशोर मिश्रा के निर्देशन पर उक्त साइबर सेल टीम द्वारा भारत सरकार के संचार मंत्रालय पोर्टल के माध्यम से थाना क्षेत्र अंतर्गत खोए हुए मोबाइलों की बरामदगी के बारे में जानकारी एकत्रित की गई।जानकारी के आधार पर टीम द्वारा 20000/- व 15000/- कीमत के दो मोबाइलों को बरामद करते हुए मोबाइल स्वामियों को वापिस दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया की थाना क्षेत्र अंतर्गत अभी तक खोए हुए 4 मोबाइलों को बरामद किया जा चुका है एवं पूर्व में खोए हुए अन्य मोबाइलों की बरामदगी की जा रही है।

# गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय पार्क का उद्यान मंत्री ने किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



रायबरेली, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सिख गुरु गोविंद सिंह के नाम से एक विशाल एवं भव्य पार्क का उद्घाटन किया।इस पार्क को रायबरेली वासियों के लिए उद्यान मंत्री द्वारा समर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह पार्क रायबरेली का हृदय स्थल कहलाएगा।

उन्होंने कहा कि इसमें रायबरेली की सांस्कृतिक विरासत गर्ग ऋषि, गोकर्ण ऋषि, डालभ्य ऋषि, आस्तीक मुनि, महर्षि जमदग्नि,राणा बेनी माधव बक्श सिंह,राजा राव रामबक्श सिंह,आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी,वीरा पासी,लाल चंद्र स्वर्णकार की मूर्तियां लगाई गई है और मूर्तियों के नीचे उनका संक्षिप्त इतिहास भी पत्थर पर लिखकर लगाया गया। जिससे अगली पीढ़ियां रायबरेली की सांस्कृतिक विरासत को जान सके और उस पर गर्व कर सके।इस उद्यान में लगभग 3 किलोमीटर वाकिंग ट्रैक भी बनाई गई हैं जो बेलें और पुष्पों से आच्छादित होंगी। वाकिंग ट्रेक के किनारे सुंदर आवाज में मंत्र और गीत बजते रहेंगे।इसमें वात्सल्य योगा पार्क का निर्माण भी किया गया है। जिसमें सिर्फ महिलाएं स्वतंत्र रूप से योगा कर सकेंगी।इसी तरह पुरुषों के लिए एक बड़ा योग सेट होगा। जिसमें धूप,बारिश और ठंड के समय भी योगाभ्यास किया जा सकता है।उद्यान में एक सत्संग भवन भी बनाया गया है जिसमें नगर के वरिष्ठ नागरिक ध्यान आदि कर सकते हैं। पार्क में आम,अमरूद और आंवला के बड़े-बड़े बाग विकसित हैं। दूसरी ओर फल,फूल,सब्जी और औषधि पेड़ों की हाईटेक नर्सरी की भी स्थापना की गई है।जिसमें रायबरेली के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक लाभ ले सकेंगे।उद्यान में एक भव्य गेस्ट हाउस का निर्माण भी कराया गया है। पार्क में 110 फीट का राष्ट्रीय ध्वज हमेशा लहराता रहेगा। दूसरी ओर विशाल और रंगीन फव्वारे अपनी मनमोहक छटा बिखेरेंगें। प्रधानमंत्री ने कहा कि नगर वासियों एवं हर वर्ग आयु के लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए इस पार्क का निर्माण किया गया है। इसी पार्क में उद्यान मंत्री द्वारा जनपद के लगभग 300 सड़क परियोजनाओं का भी शिलान्यास लोकार्पण किया गया। जो उद्यान, मंडी परिषद और जिला पंचायत से निर्मित अथवा निमार्णाधीन है। इसी तरह कल भी पूर्व सांसद पूर्व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्रीशचंद्र दीक्षित पर्यावरण उद्यान का शिलान्यास देवानंदपुर में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के कर कमल द्वारा संपन्न होगा।

# नालियों की सफाई ना होने से पनप रहे मच्छर



अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। कस्बा कुरारा में नाले की सफाई व्यवस्था न होने के कारण पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। तथा पानी रुकने के कारण मच्छर पनप रहे हैं। तथा पानी से उठने वाली दुर्गंध से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के नाली नालों की सफाई व्यवस्था न होने के कारण पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। तथा कचड़ा कूड़ा करकट से भर गई है। जिससे पानी के रुकने से मच्छर पनप रहे हैं। तथा कूड़े से दुर्गंध भी उठती है। जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा वासियों ने नालों की सफाई व्यवस्था कराए जाने की मांग नगर पंचायत से की है।

# दुग्ध विकास मंत्री ने अटल भवन में भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारी को किया संबोधित

अमन लेखनी समाचार




बलरामपुर, सूबे के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक में कहा कि मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा पाकिस्तानी नागरिक भी कर रहे हैं। मतदाताओं का नैतिक कर्तव्य है कि वे कमल खिलाकर मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं। श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार सकेत मिश्रा का नाम देश के नामी गिरामी लोगों में शामिल। उनके जीतने पर लोकसभा क्षेत्र व देश का समुचित विकास होगा। कैबिनेट मंत्री श्री सिंह शनिवार को अटल भवन में भाजपा कार्यकताओं से रूबरू हुए।

वह बोले कि देश में अभी कुछ कानून में बदलाव किया जाना है जिसके लिए मोदी का पीएम बनना जरूरी है। भाजपा शासन काल में राम जन्मभूमि, धारा 370 व तीन तलाक जैसी गंभीर समस्याओं का निस्तारण किया गया। अभी तमाम कार्य अधूरे हैं। धर्मपाल सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कर्मयोगी व योगी को जन्म योगी बताया। कहा कि भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल के सपनों को सरकार करने में कोई कसर नहीं रख रही है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति को न्याय मिल रहा है। सरकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंच रहा है। कार्यकताओं को हर बूथ जीतने का लक्ष्य निर्धारित करना है। कैबिनेट मंत्री बोले की प्रधानमंत्री मोदी के लिए पूरा देश परिवार जैसा है। वह अपने परिवार को खुशहाल देखना चाहते हैं, इसलिए उनका जीतना देश के हित में होगा। इस अवसर पर श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रभारी साकेत मिश्रा, लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, संयोजक शंकर दयाल पांडेय, जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, विधायक पलटू राम, कैलाश नाथ शुक्ला, राम फेरन पांडेय, पद्मसेन चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, एमएलसी प्रेमा त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, उदय प्रताप मिश्रा, मनीष शुक्ला, रवि मिश्रा, बृजेंद्र तिवारी, विष्णु देव गुप्ता, अवधेश तिवारी आज मौजूद थे।

# कुएं में कूद कर युवक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार/ शिवम सिंह



कुरारा, हमीरपुर।थाना क्षेत्र के डामर गांव में स्थित कुंए में युवक ने दोपहर में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगो ने उसे रस्सा डालकर बचाने का प्रयास किया लेकिन उसकी पानी में डूबकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस व फायर बिग्रेड टीम मौके पर पहुंचे। तथा शव को कुंए से बाहर निकाला तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

क्षेत्र के डामर गांव निवासी मोहर सिंह यादव 36 वर्ष पुत्र सियाराम यादव गांव में मेहनत मजदूरी करता था। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। तथा नशे का आदी था। आज दोपहर में ग्यारह बजे के लगभग वह मोहल्ले में मुन्नी यादव को गुमटी के पास स्थित कुंए में उसने छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगो ने रस्सा डालकर उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन वह रस्सा नही पकड़ रहा था। तब ग्रामीणों ने थाना पुलिस व दमकल दस्ते को फोन किया।दोनो मौके पर पहुंचे तथा उसको कुंए से बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के बड़े भाई भारत यादव ने बताया कि वह गांव में ही लोगो के यहां मजदूरी कर लेता था तथा अपना खर्च वहन करता था। घर से कम मतलब रखता था। वह अविवाहित था। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक वह अक्सर कुंए में कूद जाता था। तथा अपने आप ऊपर निकल आता था। घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिलते ही लोगो की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वृद्ध माता पिता का रोकर बुरा हाल है।

# निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद में लगी मतदाता चौपाल

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित




हमीरपुर।भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 09 व 10 मार्च 2024 को समस्त मतदान बूथों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मैं हूं ना चलाया गया।जिसमें जनपद हमीरपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी राहुल पांडे के निदेर्शानुसार शत-प्रतिशत मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सभी बीएलओ ने बूथ पर मतदाताओं को आमंत्रित कर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई।इसके अन्तर्गत बूथ संख्या 94 आर्य समाज महर्षि विद्यालय हमीरपुर मे पवन प्रकाश पाठक ईआरओ व उपजिलाधिकारी सदर एवं अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर ने मतदाता चौपाल लगाकर जागरूक किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी ने कहां कि आप सभी मतदाता अगले दस मतदाताओं को जागरूक करे और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहायक बने। इस अवसर पर मंझूपुर सैयद वाड़ा गौरादेवी नयी बस्ती गड़इया सुनराहीगली बनियौटा ईदगाह कालपी चौराहा के लगभग एक सैकड़ा वोटर उपस्थित रहे।महिला एवं नये वोटरों में खासा उत्साह दिखाई पड़ा। चौपाल में काजी इरशाद अली, रामबिहारी शुक्ला,हसन खान,विजय साहू, जियाउर्रहमान इफ्तखार, जबीं, दिव्यांश, अनुज, कालीचरण, श्रीकांत मिश्रा , नसीरूद्दीन,अकरम अली इत्यादि रहे। कार्यक्रम का संचालन अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर एवं जिला स्काउट मास्टर बेसिक हमीरपुर ने किया।

# स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मन का विकास के तहत आयोजित हुआ नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

मौदहा,हमीरपुर। मुस्करा विकासखंड के करगांव में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित नारी शक्ति फिटनेस रन के कार्यक्रम में 27 महिलाओ ने प्रतिभाग किया।इस मौके पर महिला दौड़ का आयोजन भी किया गया। मुस्करा विकासखंड क्षेत्र के गांव करगांव में शनिवार को नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी विष्णुप्रिया के निर्देशन में नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यकम के आयोजन में 27 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में रामजानकी ने कहा कि स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मन का विकास होता है।वंदना ने कहा कि महिलायें अपने अधिकार व सम्मान के लिए आगे आएं।राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मानसिंह ने कहा कि विकास के दृष्टि कोण में अपना योगदान देने में सशक्त और स्वस्थ नारी शक्ति होने के उद्देश्य से नारी शक्ति फिटनेस रन का आयोजन किया गया है। महिला दौड़ प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में करगांव की पूर्व प्रधान सुनीता ने प्रथम व शान्ति देवी ने द्वितीय तथा दीपा अनुरागी भरखरी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने गांव का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने प्रतिभागियों को कप एवं टीशर्ट तथा कैप देकर सम्मानित किया। भुगैचा के आशाराम ने प्रेरणा गीत गाकर तालियां बटोरी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसुइया व आभार प्रधानाध्यापक कुलदीप कुमार द्वारा व्यक्त किया गया। संचालन अरविन्द कुमार सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय करगांव ने किया।कार्यक्रम में आकांक्षा, दीपा, अरुण सायर, राममनोहर, रमेश मदनपाल, पिंटू परिहार भरखरी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# नमामि गंगे पेयजल योजना से ग्रामीणों की नहीं बुझी प्यास, आपूर्ति बाधित

अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह

कुरारा,हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के पतारा गांव में पेयजल आपूर्ति करने वाले नलकूप खराब होने व पाइप लाइन ध्वस्त होने के कारण ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या एक वर्ष से अधिक से बनी हुई है। वही नमामि गंगे पेयजल योजना से भी ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

क्षेत्र के पतारा गांव में जल संस्थान की टंकी व नलकूप स्थित है।इस से गांव सहित मजरा हरेहठा, क्योटरा,नेठी आदि गांव को पेयजल आपूर्ति मिलती रही है। लेकिन नमामि गंगे पेयजल योजना से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है। जिससे पुरानी पाइप लाइन क्षति ग्रस्त हो गई है। जिससे पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। गांव निवासी उमेश कुमार, विजय सिंह,दिनेश , रामबाबू , आदि ने बताया कि एक साल से पेयजल आपूर्ति के लिए परेशान हो रहे हैं।गांव में लगे निजी सेमरसेबिल पंप से लोगो को पेयजल आपूर्ति मिल पा रही है। लेकिन सरकारी सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है।ब्लाक कार्यालय से लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई है। लेकिन एक वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गांव की पेयजल व्यवस्था बहाल कराई जाए।जिससे लोगो को गर्मी के मौसम में पेयजल उपलब्ध हो सके।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## 8-10 लड़कों ने की पिटाई होठ पर आ गई सूजन

**मुंबई**। एल्विश यादव का कॉन्ट्रोवर्सी से गहरा नाता है। आए दिन वह किसी न किसी से विवाद में फंसते रहते हैं। अब एक कंटेंट क्रिएटर ने एल्विश के खिलाफ वीडियो शेयर किया है। इतना ही नहीं उनका दावा है कि एल्विश के साथ उनकी लड़ाई हुई है जहां उन्हें चोट लगी है। इसके अलावा उनका कहना है कि एल्विश ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। अब यह विवाद हुआ कैसे यह बताते हैं।दरअसल, मैक्सटर्न नाम के कंटेंट क्रिएटर ने एक वीडियो शेयर किया है और उसमें वह कह रहे हैं, 'भाईसाहब जान से मारने की धमकी दे गए हैं। मैं तो अकेला था।

लाइफ Style

## दिशा पाटनी

### बदला अपना अंदाज, फोटो वायरल

दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म एम एस धोनी- द अन्टोल्ड स्टोरी से दिशा पाटनी ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में कदम रखा। इसके बाद से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और एक से बढ़कर एक फिल्म में अपनी अदाकारी करिश्मा दिखाया। एक्टिंग के अलावा वह अपने गॉर्जियस अंदाज के लिए काफी जानी जाती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिशा पाटनी लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिनमें अदाकारा का लुक उनके चिरप्रतिद्वंदी अंदाज से एक दम हटके लग रहा है। अक्सर अपने बिकिनी लुक को लेकर दिशा पाटनी इंटरनेट पर सनसनी मचाती रहती हैं। सिर्फ इतना ही नहीं फैंस को भी उनका ये अंदाज काफी पसंद आता है। लेकिन फिलहाल उनकी जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, उनमें एक्ट्रेस बेहद अलग दिख रही हैं।

महाशिवरात्रि के मौके पर दिशा पाटनी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को साझा किया है। इन फोटो में आप देख सकते हैं कि दिशा बिकिनी छोड़ ग्रीन कलर की सरारा आउटफीट में दिखाई दे रही हैं। सिर्फ इतना ही नहीं उनके माथे पर पासा भी लुक को और अधिक निखार रहा है। दिशा पाटनी की इन फोटो देख फैंस हैरान हैं और एक न कमेंट कर लिखा है- ओह माय गॉड, बेबी गॉर्जियस। दूसरे कहा है- ये लुक बेहद कमाल है। कुल मिलाकर कहा जाए तो दिशा को ट्रेडिशनल ड्रे में देख फैंस को अपनी आंखों पर यकीन नहीं हो रहा है। आने वाले समय में दिशा पाटनी फिल्म योद्धा में नजर आएंगी। इस मूवी में वह एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं। ये पहली बार है जब दिशा और सिद्धार्थ किसी फिल्म में एक साथ दिखेंगे।



हॉलीवुड मसाला




## लिखा दिल छू लेने वाला नोट

**लसॅस एंजिलिस**। सेलेना गोमेज अपनी लव लाइफ को लेकर अपने लाइमलाइट में रहती हैं। एक साल से वह जाने-माने सॉन्ग राइटर बेनी ब्लैंको को डेट कर रही हैं। आज बेनी का बर्थडे है और अपने ब्वॉयफ्रेंड को स्पेशल फील कराने के लिए सेलेना ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। 31 साल की सेलेना गोमेज काफी समय से बेनी ब्लैंको को डेट कर रही हैं। हालांकि, सिंगर ने पिछले साल दिसंबर में बेनी के साथ अपने रिलेशनशिप पर मुहर लगाई थी। तब से वह लगातार सोशल मीडिया पर ब्वॉयफ्रेंड संग रोमांटिक तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।



## ऑस्कर्स प्रेजेंटर्स की लिस्ट में शामिल हुए दिग्गज

**लसॅस एंजिलिस**। मनोरंजन की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह की तारीख नजदीक आ चुकी है। 10 मार्च होने जा रहे इस आयोजन पर विश्व के हर सिनेप्रेमी की निगाहें हैं। भारत में इस अवॉर्ड कार्यक्रम को 11 मार्च की सुबह चार बजे से ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देखा जा सकेगा। कई शानदार फिल्में इस बार ऑस्कर की रेस में आगे दिख रही हैं, जिनमें क्रिस्टोफर नोलन के निर्देशन में बनी ओपनहाइमर भी है। इस बीच समारोह से जुड़े कई अपडेट सामने आए हैं। अवॉर्ड देने वाले अकादमी की ओर से प्रेजेंटर्स की नई लिस्ट जारी की गई है। इनमें एमिली ब्लंट, सिंथिया एरिवो, अमेरिका फेरेरा, सैली फील्ड, रयान गोसलिंग, एरियाना ग्रांडे, बेन किंग्सले, मेलिसा मैक्कार्थी, इस्सा रे, टिम रॉबिंस, स्टीवन स्पीलबर्ग, मैरी स्टीनबर्गन, आन्या टेलर-जॉय, चार्लीज थेरॉन, क्रिस्टोफ वाल्ट्ज और फॉरेस्ट व्हिटेकर के नाम शामिल हैं।



## 'पैसों के लिए राज... सुनकर तमतमा गईं

**मुंबई**। शिल्पा शेट्टी बॉलीवुड में सिर्फ अपने अभिनय से ही नहीं बल्कि अपनी फिटनेस और फैशन सेंस से भी हर किसी का दिल चुरा लेती हैं। शिल्पा शेट्टी ने अपने करियर की शुरुआत एक बहुत ही छोटे से विज्ञापन से की थी। जिसके बाद शिल्पा ने सेकंड लीड के तौर पर बॉलीवुड फिल्म में कदम रखा। आज शिल्पा बॉलीवुड की मोस्ट पावरफुल एक्ट्रेस में एक हैं। हालांकि शिल्पा अपनी फिल्मों से कहीं ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में रहती हैं। अक्सर उन्हें सोशल मीडिया पर बिजनेसमैन राज कुंद्रा संग शादी करने की वजह से ट्रोल किया जाता है। उन पर आरोप लगाया जाता है कि उन्होंने पैसों की वजह से राज से शादी रचाई थी। अब इन बेतुकी बातों पर शिल्पा ने चुप्पी तोड़ी और ऐसी बातें करने वालों को करारा जवाब दिया है।



## को-एक्टर को पसंद नहीं करती थीं

**मुंबई**। नेहा धूपिया के चैट शो 'नो फिल्टर नेहा' सीजन 6 में करीना कपूर ने खुलकर बातचीत की। शो का एक प्रोमो सामने आया है जिसमें दिखाया गया है कि करीना ने इंडस्ट्री से जुड़े कई खुलासे किए। नेहा ने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने किसी फिल्म को इसलिए मना किया क्योंकि वह को-एक्टर को पसंद नहीं करती थीं। करीना हां में जवाब देती हैं। वीडियो में वह किसी का नाम लेती तो नहीं दिखाई देती हैं लेकिन इसके बाद गॉसिप जरूर शुरू हो गई कि आखिर उन्होंने किस एक्टर के लिए फिल्म को रिजेक्ट कर दिया था। प्रोमो वीडियो में आगे नेहा ने करीना से कई सनसनीखेज सवाल पूछें। उन्होंने सवाल किया, वह अपनी किस फिल्म के सीन दोबारा शूट करना चाहती हैं? एक अन्य सवाल था, बॉलीवुड का कौन सा शख्स सेक्सपर्ट है? इन सभी सवालों पर करीना का जवाब एपिसोड में ही देखने को मिलेगा।




## 'शैतान' देखने उमड़ी फैंस की भीड़

मुंबई। अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 8 मार्च को रिलीज इस फिल्म को सुबह के शोज में बढ़िया रेस्पॉन्स मिला है। सिनेमाघरों में जहां सुबह और दोपहर के शोज में करीब 20% सीटों पर दर्शक नजर आए हैं, वहीं एडवांस बुकिंग के आंकड़े यह बता रहे हैं कि फिल्म ओपनिंग डे पर बढ़िया कमाई करने वाली है। विकास बहल के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का बजट 60-65 करोड़ रुपए है। ऐसे में यदि इस मिड बजट फिल्म को दर्शक प्यार देते हैं, तो यह कमाल कर सकती है। 'शैतान' में अजय देवगन और आर माधवन के अलावा ज्योतिका और जानकी बोडीवाला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फर्स्ट डे, फर्स्ट शो देखकर निकले दर्शकों और फैंस ने जहां फिल्म की तारीफ की है, वहीं समीक्षकों ने इसे ठीक-ठाक बताया है।

## मध्यप्रदेश में 'आर्टिकल 370' टैक्स फ्री




**मुंबई**। बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम की पिछले दिनों फिल्म 'आर्टिकल 370' थिएटर्स में रिलीज हुई थी। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा-खासा स्टार्ट मिला। या यूं कहें कि फिल्म ने पहले ही सप्ताह में 35 करोड़ से अधिक की कमाई की। अब यह 100 करोड़ क्लब की ओर बढ़ रही है। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के ऐतिहासिक फैसले पर आधारित है। अब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस फिल्म को टैक्स फ्री करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म के माध्यम से देश जम्मू-कश्मीर में धारा-370 हटने के पूर्व और उसके पश्चात आए ऐतिहासिक परिवर्तन को नजदीक से जान सकेगा। ऐसे में मैं हर व्यक्ति से अपील करना चाहता हूं कि वो थिएटर जाकर इश फिल्म को जरूर देखे। बता दें कि यामी गौतम ने इस फिल्म में काफी दमदार एक्टिंग की है। प्रेग्नेंसी में होने के बावजूद उन्होंने फिल्म में गन चलाई है, एक्शन किया है, जिसका कमाई के मामले में खूब फायदा मिला है। पर कुछ लोगों ने इसे 'प्रोपेगेंडा' फिल्म बताया, जिसका जवाब यामी की को-स्टार प्रियामणि ने खुलकर दिया।



## आज से शुरू होगी भूल भुलैया 3 की शूटिंग

मुंबई। 'भूल भुलैया 2' साल 2022 की सबसे सफल फिल्मों में से एक थी। इस हॉरर कॉमेडी फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त आने वाली हैं। इस बार विद्या बालन की वापसी होगी। साथ ही माधुरी दीक्षित भी होंगी। अभी उनके नाम का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। कार्तिक आर्यन के अपोजिट तृप्ति डिमरी हैं। स्टाकास्ट को लेकर पहले ही लोगों की दिलचस्पी बढ़ गई है। 'भूल भुलैया 3 'को अनीस बज्मी डायरेक्टर करेंगे। फिल्म की शूटिंग को लेकर अपडेट सामने आया है। कार्तिक, विद्या और माधुरी के साथ जल्द ही फिल्म फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शनिवार से मुंबई में शुरू होने वाली है। अंग्रेजी वेबसाइट पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक प्रोडक्शन का शेड्यूल 8 दिन है। सूत्रों के मुताबिक, कार्तिक, विद्या और माधुरी सेट पर होंगे। तृप्ति भी जल्द ही शूटिंग में शामिल होंगी।

## ऑनस्क्रीन बहू संग वनराज की तस्वीरें देख आगबबूला हुए फैंस



मुंबई। टीवी सीरियल 'अनुपमा' इस वक्त दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। इस शो में रूपाली गांगुली अनुपमा का लीड रोल प्ले कर रही हैं। इन दिन शो ने एक नया मोड़ लिया है। अनुपमा अमेरिका पहुंच गई हैं। ऐसे में शो में कई नए और दिलचस्प ट्विस्ट एंड टर्न देखने को मिल रहे हैं। अनुपमा और वनराज के बीच की बहस है कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। ऐसे में राजन शाही के इस पॉपुलर शो को लोग भरपूर प्यार दे रहे हैं। वहीं, टीआरपी में भी ये शो टॉप पर अपनी जगह बनाए हुए है। इसी बीच अनुपमा में वनराज का किरदार निभाने वाले सुधांशु पांडे की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों को देखने के बाद फैंस आग बबूला हो रहे हैं। वनराज यानी सुधांशु पांडे ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सुधांशु अपनी ऑनस्क्रीन बहू निधि शाह संग पोज देते नजर आ रहे हैं। इस दौरान दोनों को एक साथ काफी शानदार दिख रहे हैं। लुक की बात करें तो सुधांशु जहां सूट-बूट के साथ काला चश्मा लगाए काफी हैंडस लग रहे हैं। वहीं, निधि का पिंक आउटफिट में बॉस लेडी अवतार चर्चा में है। लेकिन, बहू संग पोज देकर वनराज बुरे फंसे। सुधांशु और निधि की ये तस्वीरें अनुपमा के फैंस के गले के नीचे नहीं उतर रही है। फैंस सुधांशु को ट्रोल करते नजर आ रहे हैं।

## शिव भक्त हैं ये एक्टर्स, शरीर पर गुदवाए हैं बाबा भोलेनाथ

*मुंबई। शुक्रवार को महाशिवरात्रि मनाई गई। बाबा भोलेनाथ की पूजा करने शिवभक्त शिवालय पहुंच रहे थे। कई जगह शिव बारात की भी तैयारियां चल रही थी। भक्त महादेव का श्रृंगार कर उन्हें दूल्हा की तरह सजाए। ऐसे में महाशिवरात्रि के महापर्व पर हम आपको बॉलीवुड के उन एक्टर-एक्ट्रेस के बारें में बताने जा रहे हैं, जो महादेव के बड़े भक्त हैं। अक्सर शिव की आराधना करते हुए उनकी फोटो सोशल मीडिया पर देखने को मिलती है। देखिए पूरी लिस्ट...*

### मौनी रॉय

एक्ट्रेस मौनी रॉय जब छोटी थी, तभी से उनकी भगवान शिव में गहरी आस्था है. वह हमेशा शिव मंदिर में जाकर शिवलिंग पर दूध चढ़ाया करती हैं. वह शिव की आराधना करती हैं. 'देवों के देव महादेव' नाम के टीवी शो में भी मौनी नजर आ चुकी हैं. मौनी रॉय कई बॉलीवुड फिल्में और वेब सीरीज कर चुकी हैं.



### अजय देवगन



'सिंघम' नाम से मशहूर अजय देवगन भी भगवान शिव के बड़े भक्त हैं. उनकी छाती पर भोलेनाथ के चेहरे वाला टैटू है और उसके नीचे 'ओम नमः शिवाय' लिखा हुआ है. उन्होंने 'शिवाय' फिल्म बनाया है और उसमें लीड रोल भी निभा चुके हैं.

### सुधांशु पांडेय

एक्टर सुधांशु पांडेय महादेव के बड़े भक्त माने जाते हैं. उन्होंने अपने बाएं हाथ पर भगवान शिव के त्रिशूल और डमरू वाला टूट बनाया है. अक्सर सोशल मीडिया पर महाकाल और अन्य शिवमंदिर की तस्वीरें शेयर करते रहते हैं.

### संजय दत्त



बॉलीवुड स्टार संजय दत्त साउथ इंडियन फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं. उनकी गजब की फैन फॉलोइंग हैं. संजय दत्त की फिल्म देखने के लिए सिनेमाघरों में जबरदस्त भीड़ पहुंचती है. बॉलीवुड में 'बाबा' नाम से पहचाने जाने वाले संजय दत्त बाबा भोलेनाथ के बड़े उपासक हैं. उन्होंने अपनी बांह पर भगवान शिव के चेहरे का टैटू बनवाया है.

### अर्जुन बिजलानी

'स्टेट ऑफ सीज: 26/11' में मेजर निखिल मणिकृष्णन का रोल निभाने वाले अर्जुन बिजलानी टीवी सीरियल्स और रियलटी शोज में एंकर की भूमिका निभाते हैं. वह भगवान भोलेनाथ के बड़े भक्त माने जाते हैं. अक्सर हरिद्वार और शिव से जुड़ी जगहों पर जाते रहते हैं.

### करणवीर बोहरा

करणवीर बोहरा कई टीवी सीरियल्स और वेब सीरीज में नजर आ चुके हैं. उन्हें भगवान शिव में बड़ी आस्था है. उन्होंने शिव तांडव नृत्य भी सीखा है. अक्सर शिव की पूजा करते तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर आती रहती है.

### कुणाल खेमू

बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से हर किसी को अपना फैन बना चुके है कुणाल खेमू भगवान शिव के बड़े भक्त हैं. 'ढोल', 'गोलमाल' और वेब सीरीज 'अभय' जैसी फिल्मों में काम कर चुके कुणाल खेमू की पीठ पर 'ओम नमः शिवाय' लिखा एक टैटू बना है..

## सीता हरण पर खत्म होगा रामायण का पहला पार्ट




**मुंबई**। डायरेक्टर नितेश तिवारी की 'रामायण' को लेकर बीते काफी वक्त से बज बना हुआ है। 'रामायण' नितेश के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश अहम किरदार में हैं। फिल्म में रणबीर कपूर राम, साई सीता और यश दशानन रावण के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, रिपोर्ट्स में सनी देओल फिल्म में हनुमान के रोल में दिखेंगे। लगातार 'रामायण' को लेकर नई अपडेट्स सामने आ रही हैं। नितेश तिवारी की 'रामायण' को एक ट्राइलॉजी बताया गया है, जिसमें फिल्म के तीन पार्ट होंगे। इसी बीच एक नई अपडेट सामने आई है, जिसमें बताया गया है कि 'रामायण' का पहला पार्ट किस सीन पर खत्म होगा। पहले पार्ट को रावण द्वारा छल से सीता हरण पर खत्म किया जाएगा।